

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 21 जून 2025 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष -41 ■ अंक-084 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 22 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## कोचिंग और 'डमी' शिक्षा का मकड़जाल!

**आशीष तिवारी**



पिछले कुछ हफ्तों से शहर के अखबारों के पन्ने और अधिकतर होर्डिंग्स कोचिंग सेंटर्स के विज्ञापनों से पटे पड़े हैं। नीट और जीईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के दावे करते ये विज्ञापन यह संकेत देते हैं कि कहीं न कहीं हमारा परीक्षा तंत्र इन महंगे कोचिंग संस्थानों के शिकंजे में फंस चुका है। एक ओर महंगे प्राइवेट स्कूल, जो अब केवल अभिभावकों के "स्टेटस सिंबल" बनकर रह गए हैं, वे भी नीट और जीईई जैसी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को सफलता दिलाने में विफल साबित हो रहे हैं। जब इन प्रीमियम स्कूलों में पढ़ाई के बावजूद छात्रों को कोचिंग क्लासेज़ की आवश्यकता पड़ ही रही है, तो फिर उन स्कूलों की भारी-भरकम फीस और अन्य दिखावों का औचित्य क्या रह जाता है? वर्तमान समय में तो स्थिति यह है कि ये निजी स्कूल प्रतियोगी परीक्षाओं में किसी प्रकार की सफलता का श्रेय लेने से भी कतराने लगे हैं। कोचिंग सेंटर्स के प्रभाव का ही परिणाम है कि शहरों में 'डमी स्कूलों' की अवधारणा तेजी से उभरकर सामने आई है। यह आज शिक्षाविदों के बीच गंभीर बहस का विषय बन चुका है। डमी स्कूल वे संस्थाएं हैं जो छात्रों को कक्षा 11वीं और 12वीं में औपचारिक प्रवेश देती हैं, उनसे फीस भी वसूलती हैं, लेकिन बदले में स्कूल आने की बाध्यता से उन्हें छूट दे देती हैं। जब इस विषय में कई छात्रों और अभिभावकों से बातचीत की गई, तो उनका कहना था—"अगर पढ़ाई केवल कोचिंग सेंटर में ही करनी है, तो फिर स्कूल जाकर समय क्यों बर्बाद करें?"




विडंबना यह है कि राजधानी समेत कई बड़े शहरों में प्रशासन की जानकारी के बावजूद डमी स्कूल खुलेआम संचालित हो रहे हैं। कई सरकारी अधिकारियों के बच्चे भी यहां एडमिशन ले रहे हैं। इसकी वैधता पर कोई गंभीरता से विचार नहीं किया जा रहा। कुछ कथित 'शिक्षाविद्' भी इसे पैसे कमाने का जरिया बना चुके हैं।

हर साल लाखों छात्र इन प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठते हैं, लेकिन यदि हम सफलता का औसत निकालें, तो पाते हैं कि ज्यादातर सफल उम्मीदवार महानगरों से ही आते हैं। छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों के लिए यह दूरी और भी कठिन होती जा रही है। बीते एक दशक में कोचिंग संस्थान, जो पहले गली-मोहल्लों तक सीमित थे, अब बड़ी कॉर्पोरेट इमारतों में तब्दील हो चुके हैं। इन्होंने अब एक संगठित उद्योग का रूप ले लिया है। कोटा और दिल्ली जैसे शहरों में स्थित प्रमुख कोचिंग सेंटर्स अपने फ्रेंचाइज़ी मॉडल के ज़रिए देशभर में फैल चुके हैं।

ऐसे में सरकार और समाज दोनों के लिए यह चेतावनी का संकेत है। यदि हमने शिक्षा के इस व्यापारिक मॉडल को यूं ही प्रोत्साहित किया, तो शिक्षा केवल 'ट्रिक-आधारित कोचिंग' बनकर रह जाएगी। पहले से ही उपेक्षित सरकारी स्कूलों की हालत और दयनीय हो जाएगी। शिक्षा का मूल उद्देश्य—ज्ञान, नैतिकता और सेवा—बाजारवाद की भेंट चढ़ जाएगा।

केंद्र सरकार ने इस विषय की गंभीरता को देखते हुए कोचिंग संस्थानों की बढ़ती निर्भरता, डमी स्कूलों की वैधता और प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता के अध्ययन हेतु एक समिति गठित की है। उम्मीद है कि इसकी रिपोर्ट से स्थिति और स्पष्ट होगी।

फिलहाल, शिक्षा के इस व्यापारीकरण ने शहरी और ग्रामीण छात्रों के बीच की खाई को और चौड़ा कर दिया है। साथ ही, एक नैतिक संकट भी उत्पन्न कर दिया है—जो छात्र इस महंगी शिक्षा प्रणाली से निकलकर डॉक्टर या इंजीनियर बन रहे हैं, उनसे सेवा भावना की अपेक्षा बेमानी लगती है। और जब डॉक्टर जैसा पेशा भी केवल मुनाफे के दृष्टिकोण से देखा जाने लगे, तो उसके दुष्परिणाम समाज के लिए बेहद खतरनाक सिद्ध हो सकते हैं—जैसा कि अब देखने को भी मिल रहा है।

# योग से निकालता है शांति का रास्ता : मोदी

**नई दिल्ली,21 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में हैं. वे यहां पर योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे हैं. पीएम मोदी ने कार्यक्रम में बोलते हुए पिछले एक दशक में योग की वैश्विक यात्रा का जिक्र किया. उन्होंने उस ऐतिहासिक लम्हे को याद किया, जब भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता देने का प्रस्ताव रखा था. बहुत कम वक्त में 175 देश भारत के साथ खड़े हो गए. प्रधानमंत्री ने कहा, "आज की दुनिया में ऐसा समर्थन सामान्य घटना नहीं है. ये सिर्फ एक प्रस्ताव का समर्थन भर नहीं था, ये मानवता के भले के लिए दुनिया का सामूहिक प्रयास था."

नरेंद्र मोदी ने कहा, "दुर्भाग्य से आज पूरी दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है. कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है. ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है. योग एक ऐसा पॉज बटन है, जिसकी मानवता को संतुलन की सांस लेने और फिर से नियंत्रण पाने की जरूरत है. आइए इस योग दिवस को मानवता के लिए ओम को खोजने के लिए योग की शुरुआत के रूप में चिह्नित करें, जहां आंतरिक शांति समग्र शांति का मार्ग बन जाती है." उन्होंने आगे कहा, "आज 11 साल बाद हम देख रहे हैं कि योग दुनिया भर में करोड़ों लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है. मुझे गर्व होता है, जब मैं देखता हूं कि हमारे दिव्यांग साथी योग शास्त्र पढ़ते हैं. वैज्ञानिक अंतरिक्ष में योग



करते हैं." प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में योग के प्रसार के लिए भारत योग के साइंस को आधुनिक रिसर्च से और ज्यादा सशक्त कर रहा है. देश के बड़े-बड़े मेडिकल संस्थान योग पर रिसर्च पर जुटे हैं. योग की वैज्ञानिकता को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान मिले, ये हमारा प्रयास है. उन्होंने आगे कहा कि आइए, हम सब मिलकर योग को एक जन आंदोलन बनाएं. एक ऐसा आंदोलन, जो विश्व को शांति, स्वास्थ्य और समरसता की ओर ले जाए. जहां हर व्यक्ति दिन की शुरुआत योग से करे और जीवन में संतुलन पाए. जहां हर समाज योग से जुड़े और तनाव से मुक्त हो. जहां योग मानवता को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम बने और जहां 'Yoga For One Earth, One Health' एक वैश्विक संकल्प बन जाए. नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, "मैं इस मौके पर वैश्विक समुदाय से गुजारिश करना चाहता हूं कि इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मानवता के लिए योग की शुरुआत के रूप में मनाया जाए.

## स्वस्थ जीवन के लिए योग को बनाएं दिनचर्या का अभिन्न अंग : मुख्यमंत्री साय




**रायपुर ,21 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर जिला मुख्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया और सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग कोई नई पद्धति नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है, जिसे ऋषि-मुनियों ने विकसित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, जिसके परिणामस्वरूप 2015 से प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में विश्वभर में मनाया जा रहा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आज 175 से अधिक देशों में योग की गूंज सुनाई देती है। मुख्यमंत्री के साथ जनप्रतिनिधियों, स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। योग प्रशिक्षकों ने चक्रासन, अर्धचक्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, वज्रासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दिन के 24 घंटों में से कुछ समय योग के लिए अवश्य निकालें। इससे न केवल गंभीर बीमारियां दूर होती हैं, बल्कि भविष्य में रोग होने की संभावना भी कम होती है। उन्होंने जेनेरिक दवाओं के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि ये दवाएं प्रभावी, सुलभ और किफायती हैं। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों की बड़ी संख्या में भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि योग से बच्चों का मन शांत होता है और पढ़ाई में ध्यान केंद्रित होता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नालंदा परिसर का भूमिपूजन किया। 11.29 करोड़ रुपये की लागत से 2 एकड़ में बनने वाले इस परिसर में 500 विद्यार्थी एक साथ अध्ययन कर सकेंगे। परिसर में एक आकर्षक उद्यान भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को विशेष लाभ मिलेगा। आज ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र भी जागरूक होकर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। इसलिए राज्य सरकार ने सभी जिला मुख्यालयों और बड़े शहरों में नालंदा परिसर स्थापित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कुल 107.81 करोड़ रुपये के 64 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें जशपुर विधानसभा क्षेत्र में 61.20 करोड़ रुपये के 85 कार्यों का भूमिपूजन और 15.80 करोड़ रुपये के 6 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार, कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के फरसाबहार विकासखंड में 24.90 करोड़ रुपये के 15 कार्यों का भूमिपूजन और 5.91 करोड़ रुपये के 4 कार्यों का लोकार्पण किया गया।

## मैनी नदी में मिला महिला का शव, रेस्क्यू जारी

**सरगुजा.** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में उफनती मैनी नदी में बहे लोगों में से एक महिला का शव मिला है. ढोढ़ागांव से दो महिलाएं और दो बच्चे पास के जंगल में पुटू बिनने गए थे. इस दौरान अचानक आई बाढ़ में चारों बह गए थे. फिलहाल नदी के बीचोंबीच फंसे शव को SDRF और पुलिस की टीम निकालने की तैयारी कर रही है. सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. बता दें कि गुरुवार को शाम करीब 5:30 बजे से 6 बजे के बीच केरजू चौकी क्षेत्र के ढोढ़ागांव मैनी नदी से सभी पास के जंगल में पुटू (जंगली मशरूम) बीनने गए थे.

## एअर इंडिया के तीन वरिष्ठ अफसरों को डीजीसीए ने हटाया

**अहमदाबाद,21 जून।** हादसे के बाद डीजीसीए ने विमानन सुरक्षा को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। डीजीसीए ने एअर इंडिया को डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट समेत अपने तीन अधिकारियों को चालक दल (क्रू) की समय-सारणी और रोस्टरिंग से संबंधित सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से हटाने का आदेश दिया है। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 20 जून को अपने आदेश में एअर इंडिया को इन अधिकारियों के खिलाफ अविलंब अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा। डीजीसीए के आदेश के अनुसार तीन अधिकारियों में एयरलाइन का एक डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट भी शामिल है। डीजीसीए ने एअर इंडिया से 10 दिन में रिपोर्ट देने के लिए कहा है।



## मां ने रेलवे ट्रैक पर दी जान, लेकिन गोद में मौजूद मासूम बचा, चमत्कारिक रूप से ज़िंदा

**जांजगीर-चांपा 21 जून ।** मां ने बच्चे को गोद में लेकर जान देने की कोशिश की। मां की तो मौत हो गयी, लेकिन 1 साल के बेटे का बाल भी बांका नहीं हुआ। इस घटना ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया है। 36 वर्षीय शिवकुमारी नायक ने अज्ञात कारणों से रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या कर ली। यह हृदयविदारक घटना ग्राम कल्याणपुर, वार्ड नंबर 27, दर्री टांड़ की है, जहां की रहने वाली महिला ने अपने एक साल के मासूम बेटे के साथ रेलवे ट्रैक पर आत्मघाती कदम उठाया। चमत्कार यह रहा कि इस दर्दनाक हादसे में महिला की तो जान चली गई, लेकिन उसका नन्हा बेटा मौत के मुंह से बाल-बाल बच गया। जब घटनास्थल पर पुलिस पहुंची तो उन्होंने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मासूम बच्चे को सुरक्षित उसके परिजनों को सौंपा। अकलतरा पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और यह जानने की कोशिश कर रही है कि आखिर शिवकुमारी ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। फिलहाल, आत्महत्या के कारण अज्ञात हैं, लेकिन पुलिस टीम गंभीरता से हर पहलू की जांच कर रही है। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक और हैरानी का माहौल है। एक मां की मौत और उसके मासूम की चमत्कारिक रूप से बची जान ने हर किसी की आंखें नम कर दी हैं। समाज में मानसिक स्वास्थ्य और घरेलू तनावों को लेकर गंभीर बातचीत की जरूरत एक बार फिर सामने आई है।



## भिलाई की लड़कियां रायपुर में कर रही थी गांजा की तस्करी

**रायपुर,21 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ की रायपुर एटीएस ने गांजा तस्करी में शामिल दो युवतियों समेत चार लोगों को रंगे हाथ पकड़ा है। पकड़े गये सभी आरोपी दुर्ग भिलाई के रहने वाले है। साथ ही एटीएस की टीम ने आरोपियों के पास से 23 किलो 110 ग्राम गांजा जब्त किया है। रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा व एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर राजधानी में नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की तलाश कर कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच 19 जून को थाना गंज स्टॉप को सूचना मिली कि तेलघानी नाका चौक पास माल धक्का रोड मे 2 लड़के और 2 लड़की अपने पास दो ट्रॉली बैग व दो पिट्ठू बैग में गांजा रखें है। इस सूचना पर एटीएस तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम श्याम तांडी, शिवा बघेल, निशा बग्गा व इशा बग्गा बताये। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें दोनों ट्राली बैग एवं दोनों पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर हरे रंग के पॉलिथीन के अंदर 23 पैकेट गांजा मिला। थाना गंज पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 23 किलो 110 ग्राम गांजा कीमती 230000/-रुपए व पांच नग मोबाइल, वाहन स्कूटी एक्सेस जुमला जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 20b एनडीपीएस एक्ट का पाए जाने से आरोपियों के विरूद्ध थाना गंज में अपराध क्रमांक 160/25 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

## ईरान को लेकर सोनिया की चिंता

**नई दिल्ली,21 जून।** कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की है। उन्होंने द हिंदू में एक आर्टिकल में लिखा कि इजराइल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। ये इजराइल का दोहरा मापदंड है. इसमें उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है। गाजा में हो रही तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है।

## राजधानी में धर्मांतरण, पास्टर के साथ चार के खिलाफ एफआईआर

**रायपुर,21 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रदेश के दूर-दराज इलाकों से आ रही धर्मांतरण की खबरों के बीच राजधानी रायपुर में भी सामने आए इस तरह के वाकये ने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है. मामला सरस्वती नगर थाना क्षेत्र का है, जहां शुक्रवार को धर्मांतरण को लेकर जमकर हंगामा हुआ. मामले में पुलिस ने एक ओर पास्टर सहित चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है. वहीं डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है. रामनगर इलाके में दिशा कालेज रोड में शनि मंदिर के पास धर्मांतरण कराए जाने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में बजरंगदल के कार्यकर्ता एकत्रित हुए. महिलाओं तथा पुरुषों के धर्मांतरण पर बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया. जानकारी मिलने पर संबंधित थाने के टीआई सहित पुलिस अफसर तथा भारी संख्या में पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया. बजरंगदल के नेताओं की शिकायत पर पुलिस ने पास्टर अमित सिंह, केशव महानंद, दुर्गेश महानंद, महेंद्र महानंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया. वहीं साथ में लाए गए लोगों को बाद में पुलिस ने छोड़ दिया. थाने में शिकायत की गई कि इससे पूर्व भी मोहल्ले में नवरात्रि पर निकलने वाले सांग बाणा जुलूस को एक



समुदाय विशेष के लोगों ने बंद करा दिया था. मंदिर में भी आरती के दौरान साउंड बाक्स बजने पर आपत्ति की थी. पास्टर अमित सिंह पर हिंदू देवी-देवताओं के बारे में अभद्र टिप्पणी करने का आरोप बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने लगाया है.

## ईरान-इजरायल जंग के बीच बड़ी वॉर्निंग

**वॉशिंगटन,21जून।** इजरायल और ईरान के बीच जंग छिड़ी हुई है। इजरायल की मंशा है कि ईरान के परमाणु ठिकानों को तबाह कर दिया जाए। इन सबके बीच यूएन के परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख ने गंभीर चेतावनी दी है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा है कि अगर बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र को निशाना बनाया गया तो मिडिल ईस्ट में परमाणु आपदा आ सकती है। राफेल ग्रॉसी ने यूएन सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक में कहाकि हालांकि अभी तक रेडिएशन लीकेज का पता नहीं चला है। लेकिन बुशहर पर हमले के परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। ग्रॉसी ने चेतावनी देते हुए कि इस क्षेत्र के देशों ने पिछले कुछ घंटों में मुझसे संपर्क किया है।

### 290 भारतीय नागरिक दिल्ली लौट

**नई दिल्ली,21 जून।** ईरान और इजराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत शुक्रवार देर रात 290 भारतीय नागरिक दिल्ली लौटे। इनमें से ज्यादातर कश्मीर के छात्र हैं। इसके अलावा कुछ यात्री दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल से भी हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, अब तक 517 भारतीय नेशनल स्वदेश लौट चुके हैं। ऑपरेशन सिंधु के तहत भारत सरकार ने कुछ नेपाल और श्रीलंका के नागरिकों को भी सुरक्षित बाहर निकाला है. ईरान ने एयरस्पेस पर लगी पाबंदी को हटाकर भारत के करीब 1000 नागरिकों को निकालने की इजाजत दी है।

## तेंदुए ने घर में घुसकर युवक पर किया हमला

**कांकेर,21 जून।** कांकेर जिले के दुधावा गांव में शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक तेंदुआ अचानक गांव के एक मकान में घुस गया। घटना सुबह करीब 6 बजे की है। फत्तेसिंह नेताम के घर में दाखिल हुए तेंदुए ने घर के ही सदस्य वेद प्रकाश नेताम पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। बता दें कि हमले के बाद तेंदुआ घर के किचन में जा छिपा। इस अचानक हुई घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। डरे-सहमे परिवार और आसपास के लोग तुरंत बाहर निकल आए और वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और तेंदुए को पकड़ने की कोशिश शुरू कर दी है। वन मंडल अधिकारी (DFO) रौनक



गोयल ने बताया कि तेंदुए को नियंत्रित करने के लिए घर के चारों ओर सुरक्षा जाली लगाई गई है और ग्रामीणों को घरों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई है, ताकि कोई और अनहोनी न हो। यह बात भी सामने आई है कि यही तेंदुआ इससे पहले भी क्षेत्र में दहशत फैला चुका है और अब तक छह लोगों पर हमला कर चुका है। इसके बावजूद इलाके में स्थायी ट्रेंक्युलाइज टीम या विशेषज्ञ व्यवस्था नहीं होने पर सवाल उठ रहे हैं। तेंदुए को बेहोश कर सुरक्षित तरीके से पकड़ने के लिए रायपुर से विशेषज्ञों की टीम को बुलाया गया है, जिसका इंतजार किया जा रहा है। टीम के पहुंचने के बाद ट्रेंक्युलाइज कर तेंदुए को पिंजरे में बंद कर जंगल में छोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि वन्यजीव हमलों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए जिले में स्थायी ट्रेंक्युलाइज टीम, आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षित स्टाफ की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में किसी की जान जोखिम में न पड़े।

## अगले सत्र से बदल जाएंगी चौथी पांचवी, सातवीं व आठवीं की किताबें

**रायपुर,21जून।** प्रदेश में अगले सत्र से चौथी, पांचवी, सातवीं और आठवीं कक्षा की पाठ्यपुस्तकें बदल जाएंगी. राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा इस दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है. 2025 के अंत तक बदलाव को अंतिम रूप दे दिया जाएगा. इसके बाद किताबें प्रकाशन के लिए पाठ्यपुस्तक निगम को प्रेषित कर दी जाएंगी. ये किताबें एनसीईआरटी के आधार पर तैयार की जा रही हैं. अर्थात एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम ही अडॉप्ट किया जा रहा है. इसमें मात्र 10 से 20 प्रतिशत तक का बदलाव छत्तीसगढ़ के परिवेश के आधार पर होगा, जिससे छात्रों को स्थानीय जानकारी मिल सके. गौरतलब है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 से छत्तीसगढ़ राज्य बोर्ड की पहली, दूसरी, तीसरी और छठवीं कक्षा की किताबों में बदलाव किया गया है. ये किताबें भी एनसीईआरटी की तर्ज पर ही तैयार की गई हैं. स्थानीय जानकारी को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के लिए एनएसीईआरटी किताबों में कुछ परिवर्तन किए जाने के अलावा शुरुआती कक्षा के छात्रों को मातृभाषा में अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई है.

# एक ही दिन में बनाए दो वर्ल्ड रिकॉर्ड- गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ कबीरधाम जिले का नाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,21 जून।** कबीरधाम जिले में वर्षा जल संचयन को लेकर चलाए गए मोर गांव-मोर पानी महाअभियान ने न केवल जन-जागृति की मिसाल पेश की, बल्कि दो अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर जिले को गौरवान्वित कर दिया। सिर्फ 12 घंटे के भीतर जिलेभर में महिला, पुरूष, बुजुर्ग, युवा बच्चों सहित लाखों नागरिकों ने अपने घरों और परिसरों में सोख पिट (सोखता गड्ढा) निर्माण कर वर्षा जल संचयन को लेकर सक्रिय भागीदारी निभाई। यही नहीं, लाखों की संख्या में लोगों ने जल संरक्षण की शपथ भी ली। यह समर्पण और सहभागिता ही थी, जिसने कबीरधाम को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दो श्रेणियों में दर्ज करा दिया। जिले में डेढ बजे तक 1 लाख 2 हजार 98 सोख पिट (सोखता गड्ढा) निर्माण किया जा चुका था और 1 लाख 17 हजार 504 नागरिकों ने जल संरक्षण के लिए शपथ लिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में जिला प्रशासन कबीरधाम ने जल संरक्षण को लेकर एक सशक्त जनआंदोलन खड़ा किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी की प्रेरणादायक पहल ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाया। अभियान की सफलता को देखकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के एशिया प्रमुख श्री मनीष विश्नोई ने कवर्धा पहुंचकर संपूर्ण अभियान की



समीक्षा की और इसे एक अनूठा, समर्पित और सामूहिक प्रयास करार दिया। उन्होंने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जिले को प्रोविजनल वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा और जिला पंचायत सीईओ श्री अजय कुमार त्रिपाठी सौंपा। कबीरधाम की यह सफलता न केवल जिले की उपलब्धि है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देश के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। यह साबित हो गया कि जब जनता, प्रशासन और नेतृत्व एकजुट हों, तो पर्यावरण संरक्षण जैसे बड़े लक्ष्य भी शीघ्रता से हासिल किए जा सकते हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय जिले के हर नागरिक को देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल प्रशासन की उपलब्धि नहीं, बल्कि जिले के हर उस व्यक्ति का सम्मान है, जिसने जल संरक्षण को अपना दायित्व समझा और इस महाअभियान का सक्रिय हिस्सा बना। कलेक्टर ने इस उपलब्धि को जिले की समस्त जागरूक जनता, समाजसेवी संगठनों, मीडिया के साथियों, महिला स्व-सहायता समूहों, स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों को समर्पित किया।जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिले के चारों विकासखंड में 469पंचायतों के अंतर्गत 999 गांवों में डेढ बजे तक 1 लाख 2 हजार 98 सोख पिट (सोखता गड्ढा) निर्माण किया जा चुका था और 4602 स्थानों में 1 लाख 17 हजार 504 नागरिकों ने जल संरक्षण के लिए शपथ लिया। विकासखंड कवर्धा में 23 हजार 110 सोख पिट निर्माण किया जा चुका था और 26 हजार 704 नागरिकों ने जल संरक्षण के लिए शपथ लिया। विकासखंड बोड़ला में 26 हजार 205 सोख पिट निर्माण किया जा चुका था और 29 हजार 976 नागरिकों ने जल संरक्षण के लिए शपथ लिया। विकासखंड पंडरिया में 27 हजार 911 सोख पिट निर्माण किया जा चुका था और 31 हजार 250 नागरिकों ने जल संरक्षण के लिए शपथ लिया। इसी तरह विकासखंड सहसपुर लोहारा में 24 हजार 872 सोख पिट निर्माण किया जा चुका था और 29 हजार 574 नागरिकों ने जल संरक्षण के लिए शपथ लिया।



## डिप्टी सीएम ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**कवर्धा, 21 जून।** डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया और डिप्टी सीएम ने कवर्धा में ''योग संगम'' एवं ''हरित योग'' थीम के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया । जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू , कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने योग किया ।

एक नजर

## अश्लील वीडियों बनाकर ब्लैकमेल करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 21 जून।** भिलाई अप्राकृतिक कृत्य का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के घृणित अपराध के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है आरोपी आलोक मिश्रा ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 29 लाख 40 हजार 611 रुपए वसूल लिया जामुल थाने पुलिस ने आरोपी आलोक मित्रा के खिलाफ धारा 384 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि जवाहर नगर निवासी एक युवक ने इस मामले में शिकायत की है। वह प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है नौकरी के दौरान मध्यप्रदेश उमरिया छपड़ौर वर्तमान पता हाउसिंह बोर्ड एलआईजी-42 भिलाई निवासी आलोक मिश्रा से पहचान हुई। इस व्यवसाय कराने का लालच दिया और बुलाकर उसके साथ जबरदस्ती की इस घृणित कृत्य का वीडियो भी बना लिया जामुल पुलिस ने बताया कि आरोपी आलोक वीडियो को सार्वजनिक करने की धमकी देने लगा युवक लोकलाज के भय से ब्लैकमेल का शिकार होता रहा उसने कर्ज लेकर आरोपी को 29 लाख 40 हजार 611 रुपए दे डाले जिस डर से वह ब्लैकमेल हुआ, पुलिस ने उसी को किया उजागर घटना को लेकर पीड़ित युवक डर गया था कि आरोपी अश्लील वीडियो सार्वजनिक न कर दे उसका नाम सार्वजनकि न हो जाए लेकिन पुलिस ने उसका नाम और घर का पता तक जारी विज्ञप्ति में उजाकर कर दिया।

## नाबालिग समेत सात आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 21 जून।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र के हुडको के आवास एचआईजी-60 और एचआईजी-59 में चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने नाबालिग समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।ज्वेलरी को रिकवर कर लिया। चोरी की सामग्री खरीदने वाले पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि आरोपी आशीष दास अचानक कार में घुमते दिखाई दिया। मुखबिर से सूचना मिली कि अचानक उसके पास पैसे कहां से आ गए कि वह फिएट में घूम रहा है। एसीसीयू डीएसपी अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में एसीसीयू की टीम ने संदेह में आशीष दास उर्फ चिंटु को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने खुलासा किया कि एचआईजी- 59 और एचआईजी-60 सूना



था। पहले उसकी रैकी की। फिर अपने साथी अमन सिंह, शशांक बाघ, जैकी चंदेल , जितेन्द्र चंदेल, कार्तिक कुमार और एक नाबालिग के साथ मिलकर चोरी की रणनीति बनाई। 1 जून की रात को मकान में स्कूटर और ऑटो लेकर चोरी करने पहुंचे। जहां आलमारी के लॉकर को तोड़कर सोने की चूड़ी, लॉकेट की चोरी की। इसके बाद घर में पड़ा लेपटाप, दो गैस सिलेंडर, विंडो एसी और कार्टुन में रखे कांच के बर्तन, कपड़ों की भी चोरी कर ली। चोरी की सामग्री को आपस में बांट लिए। सोने की चूड़ी एवं लाकेट को अपने दोस्त शिवान सतपथी के साथ मिलकर बेच दी। 15 हजार रुपए दोस्त शिवान सतपथी को दिया। बाकी बची चोरी की रकम से पुरानी फिएट कार खरीदा ज्वेलर्स के यहां से बरामद कर रही ज्वेलरी टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि आरोपी ने चोरी की ज्वेलरी को दुर्ग में सोनार के यहां बेचा है। उसकी बरामदी आभी नहीं हुई है। जल्द ही चोरी गई सोने की चूड़ी और लॉकेट को बरामद किया जाएगा। खरीदार को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस के तह प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश कर दिया चोरी के आरोपी आशीष दास उर्फ चिंटु उम्र 25 साल साकिन हुडको भिलाईअमन सिंह उम्र 21 साल साकिन तालपुरी भिलाई शशांक बाघ उम्र 29 साल रायपुर नाका दुर्ग जैकी चंदेल उम्र 22 साल दुर्ग जितेन्द्र चंदेल उर्फ जीतु उम्र 31 साल दुर्ग शिवान सतपथी उम्र 33 साल साकिन हुडको।



## जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस के दिन योग किया

**कवर्धा, 21 जून।** बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा , बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास और बोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल सहित नागरिकों ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस के दिन योग किया ।

## भावना बोहरा ने ग्राम भगतपुर एवं निंगापुर में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 21 जून।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों की मूलभूत सुविधाओं के मद्देनजर ग्राम भगतपुर एवं निंगापुर में 34 लाख रुपए से अधिक के अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम भगतपुर में आंगनबाड़ी भवन एवं सार्वजानिक शौचालय तथा निंगापुर में नवीन ग्राम पंचायत भवन व विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारंटी में किये अपने वादों को पूरा करते हुए डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं अनुरूप कार्य कर रही है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और अधोसंरचना निर्माण कार्यों से ग्रामों का प्रतिबद्धता से समुचित विकास सुनिश्चित कर रही है और वहां निवासरत परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही है। आज हमारे प्रदेश में पूर्ण पारदर्शिता के साथ विकास और अधोसंरना निर्माण के कार्य तेजी से पूरे किये जा रहें हैं । पंडरिया विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, महिलाओं का सशक्तिकरण, किसानों को सम्मान और युवाओं को रोजगार के साथ हमारे वृद्धजनों को आयुष्मान योजना के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

## सेफ्टी सर्कल प्रति. में टॉप-20 टीमों ने दी दोबारा प्रस्तुति

**भिलाई, 21 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर- सार्वजनिक एवं विकास विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक सेफ्टी सर्कल प्रतियोगिता सुरक्षा 2025 में भाग लेने वाली 83 टीमों में से चयनित शीर्ष 20 टीमों ने 19 जून को निर्णायकों के समक्ष पुनः प्रस्तुति दी। इनके कार्यों का मूल्यांकन चार निर्णायक पैनलों द्वारा किया गया, जिनमें अनुभवी अधिकारी शामिल थे, एस.के. महतो, सुश्री पुष्पा एम्ब्रोज़, जितेन्द्र मोटवानी, एस.आर. ज़तरेले और बी.के. चौधरी, अनुराग पाठक, बी.सी. मंडल और निमेष गुप्ता । प्रक्रिया के तहत अंतिम चयनित तीन टीमों को पुरस्कार और तीन अन्य टीमों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।





## जिला पंचायत अध्यक्ष ने श्रम दान कर सोखता गड्ढा कर जल संरक्षण का संदेश दिया

**कवर्धा, 21 जून।** जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने ग्राम बड़ौदाकला में मोर गाँव, मोर पानी महाअभियान में अपनी सहभागिता देकर जल संरक्षण के लिए श्रम दान करके सोखता गड्ढा बनाएं एवं जल संरक्षण का शपथ लिए। एवं साथ माननीय उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा से बनने जा रहे हाई स्कूल बड़ौदाकला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमि पूजन किया।

## आरक्षक के परिवार को मिली आर्थिक सहायता



**भिलाई, 21 जून।** भिलाई सड़क हादसे में जान गवाने वाले आरक्षक के परिवार को मिला 1 करोड़ रुपए का चेक इस दौरान दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल व एसबीआई क्षेत्रिय प्रबंधक रुपल मंडल, शाखा प्रबंधक राहुल मोदी ने आरक्षक स्व. उपेन्द्र कुमार तिवारी जिला पुलिस बल दुर्ग की नामिनी माता चंद्रकांति तिवारी को 1 करोड़ रुपए का चेक सौंपा गया। आरक्षक 26 दिसंबर 2024 को सड़क हादसे में उसकी निधन हो गई थी पुलिस विभाग ने एसबीआई से पुलिस सैलरी पैकेज समकक्ष क्लेम करने का एमओयू किया गया है जिससे सड़क हादसे में मौत होने वाले पुलिस कर्मियों को इसका लाभ मिलेगा।

## शहर की सुंदरता बनाये रखने वृक्षारोपण अभियान शुरू



**भिलाई, 21 जून।** नगर निगम भिलाई में वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जोन क्षेत्र के तालाबों, शासकीय भवन, रिक्त स्थल, अस्पताल, स्कूल, कालेज परिसर, उद्यान, डिवाइडरो में वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। सूर्या माल से के.पी.एस चौक तक डिवाइडरों में लगभग 570 कनेर के पौधों का रोपण किया गया है। फलदार, फूलदार, छायादार एवं शोभायमान अलग-अलग प्रजाति के पौधे निगम क्षेत्र में लगाए जायेगे। जिससे भिलाई में बढ़ रहे पर्यावरण प्रदुषण को नियंत्रित करने में सफलता मिलेगी। वुमेन फार-ट्री योजना एवं एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत पौधा रोपण कर रखरखाव किये।

## रेलवे जीएम ने की निर्माणाधीन स्टेशनों के कार्यों की समीक्षा



भिलाई, 21 जून। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने शुक्रवार को दुर्ग-रायपुर रेलखंड का संरक्षा निरीक्षण किया । इस दौरान बिलासपुर मुख्यालय के प्रधान विभागाध्यक्ष एवं मुख्य अधिकारीगण, मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद सहित मंडल के शाखाधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे । महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने भिलाई नगर एवं भिलाई पावर हाउस स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रि-डेवलपमेंट किए जा रहे कार्यों का गहन निरीक्षण कर उसका जायजा लिया एवं गुणवत्ता संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की गई । किए जा रहे कार्यों से संबंधित निर्देश अधिकारियों को दिए गए । इसी कड़ी में भिलाई स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, संरक्षा व संचालन प्रक्रिया की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । विधायक डोमन लाल कोसरेवाड़ा ने मुलाकात की और यात्री सुविधाओं पर चर्चा की। संरक्षा निरीक्षण की शुरुआत दुर्ग स्टेशन से हुई । इस दौरान महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने दुर्ग कोचिंग डिपो का गहनता से निरीक्षण किया साथ ही रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण किया गया । कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों की मूलभूत आवश्यकताओं की समीक्षा की एवं उनसे संवाद भी किया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने दुर्ग स्टेशन स्थित रनिंग रूम एवं लॉबी का निरीक्षण, रनिंग स्टाफ को दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया । इसी कड़ी में विस्तार किए गए रनिंग रूम बिल्डिंग का शुभारंभ किया गया । दुर्ग स्टेशन पर चल रहे रि-डेवलपमेंट कार्य, चौथे रेलवे लाइन एवं आर.आर.आई कंस्ट्रक्शन वर्क्स, पैनल का जायजा लिया । दुर्ग स्टेशन आरपीएफ पोस्ट का निरीक्षण किया गया । दुर्ग स्टेशन पर सांसद लोकसभा विजय बघेल ने महाप्रबंधक से मिलकर रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों पर चर्चा की ।



**भिलाई, 21 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने प्रातः योगासन कर लोगों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

## 225 ग्राम गांजा जब्त



**भिलाई, 21 जून।** भिलाई पाटन थाना क्षेत्र के गांजा की बिक्री करने वाली महिला मधु साहू (पारधी) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने महिला के पास से 1 किलो 225 ग्राम गांजा जब्त किया है पाटन टीआई अनिल साहू ने बताया कि ग्राम तर्रा भाठापारा पारधीपारा के पास नर्सरी में मधु साहू (पारधी) गांजा की बिक्री कर रही थी पेट्रोलिंग टीम के साथ नर्सरी में छापेमारी की तलाशी लेने गांजा मिला ।

## निदेशक मनीष राज गुप्ता ने दौरे के दूसरे दिन की उत्पादन इकाइयों की गहन समीक्षा

**भिलाई, 21 जून।** सेल के निदेशक तथा अतिरिक्त प्रभार-निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र मनीष राज गुप्ता अपने आधिकारिक दौरे के दूसरे दिन भिलाई इस्पात संयंत्र के विविध परिचालन और उत्पादन इकाइयों की गहन समीक्षा एवं निरीक्षण के लिए संयंत्र परिसर पहुंचे। गुप्ता ने अपने संयंत्र दौरे की शुरुआत में संयंत्र के मुख्य द्वार स्थित सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र में सुरक्षा प्रोटोकॉल की ब्रीफिंग प्राप्त की और संयंत्र में सुरक्षा से सम्बंधित



जानकारी हासिल की, उसके उपरांत संयंत्र भ्रमण प्रारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्टील मेल्टिंग शॉप-2 एवं स्टील मेल्टिंग शॉप-3 का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने मर्चेंट मिल तथा वायर रॉड मिल का अवलोकन किया और संयंत्र की उत्पादन प्रणालियों एवं तकनीकी दक्षता में रूचि दिखाई। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण राय भल्ला सहित विभागाध्यक्षगण, तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नाली के ऊपर किए अतिक्रमण को निगम ने हटाया

**भिलाई, 21 जून।** नगर निगम के जोन-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत नाली के ऊपर अतिक्रमण को निगम ने हटाया। वार्ड क्रं 30 प्रगति नगर 18 नंबर रोड क्षेत्र में 35 लोगों द्वारा नाली के ऊपर स्लैब डालकर अवैध कब्जा किया गया था। जिससे नाली के पानी का निकासी ठीक तरह से नहीं हो रहा था और बरसात का पानी रोड में जमा हो रहा था। निगम के सफाई कर्मियों को भी नाली सफाई करने में परेशानी आ रही थी और आम नागरिकों को शिकायत थी। संबंधितों को स्वयं से कब्जा हटाने निगम द्वारा नोटिस भी जारी किया गया था किन्तु कब्जाधारियों द्वारा अतिक्रमित कब्जा नहीं हटाया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन आयुक्त सतीश यादव एवं सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन को निर्देशित किया है कि स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही करें।

## बीएसएफ ने किया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**भिलाई, 21 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सीमा सुरक्षा बल द्वारा उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महानिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में जवानों और अधिकारियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। शुरुआत योग मंत्र के उच्चारण से की गई, जिसके बाद गर्दन, हाथ, पैर तथा कमर के व्यायाम कराए गए। इसके साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, ध्यान मुद्रा आदि का अभ्यास भी सभी कार्मिकों को कराया गया। अंत में 'शांति मंत्र' के पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## कर्मियों के क्षमता विकास के लिए कार्यशाला संपन्न

**भिलाई, 21 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विभाग द्वारा कर्मचारियों के क्षमता विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एचआरडी परिसर में कार्यशाला का आयोजन भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के अधीन दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के सहयोग से किया गया। संचालन कर रहे बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक पी. एन. साह ने श्रमिक शिक्षा, संवाद कौशल, नेतृत्व विकास, श्रम संस्कृति एवं कार्यस्थल पर समर्पण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक एस. के. सोनी, महाप्रबंधक जे. एन. ठाकुर तथा महाप्रबंधक विकास चन्द्रा के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा क्षेत्रीय निदेशक पी. एन. साह को सम्मानित किया गया।

## खटालों के सुव्यस्थित बसाहट के लिए के भूमि मालिकों को वितरित किया गया सूचना पत्र

**भिलाई, 21 जून।** खटाल संचालकों को सुव्यस्थित बसाहट के लिए निगम द्वारा कुरूद ग्राम के अंतिम छोर के शासकीय भूमि में गोकुल नगर का निर्माण कर आवंटित भूमि मालिकों को सूचना पत्र का वितरण किया गया। राशि भुगतान निगम कोष में करते ही पंजीयन का रास्ता खुल जाएगा। भिलाई निगम क्षेत्र के धनी आबादी तथा शहर के बीच में संचालित हो रहे खटालों को सुव्यवस्थित बसाहट के लिए निगम द्वारा कुरूद में गोकुल नगर का निर्माण कर खटाल संचालकों को भूमि आवंटित किया गया था। कतिपय कारणों



से उक्त भूमि का पंजीयन आबंटितों के नाम पर आज तक नहीं हो सका था। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने इस दिशा मे पहल करते हुए गोकुल नगर में भ्रमण कर वास्तविक स्थिति से अवगत होने नये सिरे से सर्वेक्षण किये जाने का निर्देश जोन आयुक्त जोन 02 येशा लहरे को दिए और जोन के राजस्व टीम ने सर्वे कर वर्तमान स्थिति की सूची तैयार किया गया है। जोन के सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि गोकुल नगर में खटाल संचालकों को भूमि का आबंटन किया था। जिसमें ज्यादातर लोग स्थल पर काबिज पाये गये हैं किन्तु उक्त आबंटित भूमि का आबंटितों के नाम पर पंजीयन नहीं किया गया था। उन्हें आयुक्त के निर्देश पर 57 नोटिस वितरण किया गया है। राजस्व अधिकारी जे. पी. तिवारी ने बताया कि गोकुल नगर के आबंटितियो को आबंटन दिनांक से वित्तीय वर्ष तक की गणना कर राशि भुगतान हेतु सूचित किया गया है। जैसे ही राशि निगम कोष में जमा होगा आगे कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। इस दौरान सहायक राजस्व निरीक्षक नरसिंग साहू, पटवारी कुरूद अल्का साहू, निगम के कृष्ण कुमार सुपैत, हरि ताम्रकार, मदन मोहन तिवारी, लोकेश बया, प्रतीक तिवारी, कार्तिक, समीर अहमद उपस्थित रहे।

## शिवसेना ने मनाया 59वां स्थापना दिवस

**भिलाई, 21 जून।** शिवसेना (यूबीटी) के राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संगठन द्वारा शिवसेना का स्थापना दिवस मनाया गया। राजू गुप्ता ने बताया कि महाराष्ट्र में शिवसेना की स्थापना का 59 वां वर्ष है। शिवसेना द्वारा हिंदुत्व का झंडा बुलंद किया गया। कट्टर हिन्दूवादी, सामाजिक धार्मिक महाराष्ट्र अस्तित्व हक अधिकार के लिए इसकी स्थापना बाला साहब ठाकरे ने की। शिवसेना कट्टर हिन्दूवादी संगठन के नाम से देश ही नहीं, पड़ोसी देश में प्रचलित रहा है। इस कार्यक्रम में डॉ आनंद मल्होत्रा, सुरेन्द्र यादव, संतोष पांडे, सचिन पाटले, उमेश रजक, राजू गुप्ता, रमेश सिंह, संदीप हटवार, इशांत सुरेश विनोद आदि उपस्थित थे।

# विधायक पुरंदर मिश्रा हुए शामिल मंडल में किया योगाभ्यास

■ भाजपा शंकर नगर मण्डल में मनाया गया योग दिवस

**रायपुर, 21 जून।** 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शंकर नगर मंडल अंतर्गत शंकर नगर वार्ड के महाराष्ट्र मण्डल उद्यान में योग शिविर का आयोजन किया गया। जैसा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी का विचार है कि देश के प्रत्येक व्यक्ति का स्वस्थ होना भारत के विकसित होने के लिए अति आवश्यक है और यह तब और महत्वपूर्ण हो जाता है जब हम 2047 तक विकसित भारत की कल्पना कर रहे हों। इस दिशा में कार्य करते हुए भाजपा शंकर नगर मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति जी के नेतृत्व में एवं भारतीय योग संस्थान शंकर के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधानसभा के लाडले विधायक आदरणीय पुरंदर मिश्रा जी, भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, पूर्व राज्य मंत्री छगनलाल मूंदड़ा जी, प्रदेश प्रवक्ता नालिनेश ठोकने जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विपिन पटेल जी, महामंत्री हरिवंश वर्मा जी, पार्षद कैलाश बेहरा जी, शंकर नगर पार्षद राजेश गुप्ता जी, पार्षद महेश ध्रुव जी, मखमूर खान जी भारतीय योग संस्थान शंकर नगर के सदस्यगण भारतीय योग संस्थान शंकर नगर....केंद्र प्रमुख हेमंत साहू जी,मंजूषा अग्रवाल जी, सुनीता बंजारी जी, पुष्पा जागृत जी, मीरा अग्रवाल जी पुष्पा शर्मा, आशा पवार,रूमा पाल जी,प्रतिभा साहू जी ,सुधा गोहिल जी,सीमा नामपल्लीवार जी,शिवपाणिग्रही जी,बजरंग प्रजापति जी,शशिकांत डॉय जी,ज्योति गुप्ता जी, छाया पार्षद ज्ञानचंद चौधरी जी, एडवोकेट सिन्हा जी, नरेंद्र निर्मलकर जी,आकाश तिवारी जी, अनूप वर्मा जी, अजय गुप्ता जी, शम्भू लौवंसी जी, सूरज यादव जी, शानू तांडी सहित बड़ी संख्या में योग करने सदस्य उपस्थित हुए।





## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर एवं अध्यक्ष अजय पटेल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया शुभारंभ

**छुरिया, 21 जून।** कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं नगर अध्यक्ष अजय पटेल ने ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत नगर पंचायत छुरिया परिसर में वृक्षारोपण किया। नगर अध्यक्ष पटेल ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है और मातृत्व के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का सुंदर तरीका भी है। पर्यावरण एवं धरती को बचाने के लिए पेड़ पौधे लगाना आवश्यक है। सभी नागरिकों को प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आगे आना चाहिए तथा हर एक व्यक्ति को वर्ष में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पर्यावरण को बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, अगर पर्यावरण सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा तो हम सभी का जीवन भी सुरक्षित रहेगा, पौधे जरूर लगायें। नगर अध्यक्ष अजय पटेल ने कलेक्टर राजनांदगांव के समक्ष शहर के विकास कार्यों को लेकर अपनी बातें कहीं। इस दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा निकाय में चल रहे निर्माण कार्य एवं अमृत मिशन 2.0 योजना की प्रगति की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी कांत कोर्राम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष भूषण नेताम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर, उपअभियंता अजय प्रधान सहित निकाय के सर्व विभागों के विभागीय अधिकारी,कर्मचारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### अवैधरूप से भंडारित सागौन लकड़ी जप्त

**मोहला, 21 जून।** वनमण्डलाधिकारी दिनेश पटेल के निर्देशन में परिक्षेत्र चौकी के अंतर्गत नेतामटोला में पंचु राम के घर में छापा मारा गया। पंचु राम के घर एवं बाड़ी में 115 नग सागौन लठ्ठा एवं 92 नग सागौन चिरान जप्त किया गया। कुल 6.820 घन मीटर लकड़ी जप्त किया गया है। जिसका विधिवत कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में मनेंद्र कुमार सिरदार उपवनमंडलाधिकारी, वीरेन्द्र कुमार पटेल उप मंडल प्रबंधक, मनीराम पाल परिक्षेत्र सहायक, सुनील शर्मा परिक्षेत्र अधिकारी, देवेन्द्र चौबे परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी, देववाड़वी परिक्षेत्र, रविशंकर पारकर सहायक परियोजना क्षेत्रपाल, धरमलाल कोरटिया उपस्थित रहे।



### सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण: वैष्णव

**राजनांदगांव, 21 जून।** जिला पंचायत छूरिया राजनांदगांव अध्यक्ष मती किरण रविन्द्र वैष्णव राजनांदगांव विधानसभा के तिलई मंडल में मोदी सरकार के 11 वर्ष सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता व पार्टी के पुरोधा पुरुष श्यामा प्रशाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय जी का पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत गमछा व हार माला पहनकर स्वागत किया गया। साथ ही इस अवसर पर लीलाधर साहू जी (उपाध्यक्ष जिला भाजपा राजनंदगाँव,शीला टाकेश सिन्हा सभापति,देवकुमारी साहू (सभापति जिला पंचायत राजनंदगांव)अनीता डीगेन्द्र सिंह जी ( उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनंदगाँव),मंजू चंदेल जी जनपद सदस्य,ललिता साहु ,जनपद सदस्य,साकेत वैष्णव सभापति जनपद पंचायत राजनंदगाँव,प्रतीक्षा भंडारी पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार वर्मा जी पूर्व मंडल अध्यक्ष, गोपी राम साहू, दुर्जन देवांगन महेश यादव जी पूर्व मंडल अध्यक्ष, श्याम लाल, अजय ठाकुर जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जनहितैषी कार्यो का विस्तार से वर्णन किया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार गरीब कल्याण के लिए सदैव समर्पित है।मोदी सरकार ने गरीबों को पक्का घर देने का सपना सच किया।




### एक पेड़ माँ के नाम जिले भर में लगभग 18 हजार से अधिक पौधे लगाए गए

**राजनांदगांव 21 जून।** बारिश के मौसम के दृष्टिगत आज जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सघन पौधरोपण किया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर आज जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में व्यापक पैमाने पर पौधरोपण किया गया। जिले भर में लगभग 18 हजार से अधिक पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सभी ने पौधरोपण करने के बाद पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भी सभी ने प्रतिबद्धता व्यक्त की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिलेवासियों से बारिश के मौसम में पौधे लगाने की अपील की है। उन्होंने सभी नागरिकों से आव्हान करते हुए कहा है कि आइए हम अपने शहर एवं गांव को हरा भरा बनाएं। धरती की हरीतिमा, पर्यावरण की रक्षा के लिए अपना दायित्व निभाते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान में सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि बारिश पौधरोपण के लिए उपयुक्त समय है। यही वह वक्त है जब पौधे आसानी से मिट्टी में अपनी जड़ें मजबूती से बना लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग एवं बढ़ते तापमान के दुष्प्रभाव को रोकने के लिए पौधरोपण करना एवं जल संरक्षण बहुत आवश्यक है। ऑक्सीजन को बढ़ाने और धरती के तापमान को कम करने के लिए हमारा यह कर्तव्य है कि पौधे लगाएं और उनकी देखभाल एवं सुरक्षा भी सुनिश्चित करें।



### पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर निगम का वृक्षारोपण महा अभियान

**राजनांदगांव 21 जून।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा वृक्षारोपण महा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत लगभग 7 हजार पौधे निगम सीमाक्षेत्र में लगाने का लक्ष्य है। लक्ष्य की पूर्ति के लिए आज जल संयंत्र गृह मोहारा में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव एवं कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने पार्षदों एवं अधिकारियो व कर्मचारियो के साथ विभिन्न प्रजाति के 80 पौधे रोपित किए। वृक्षारोपण अवसर पर महापौर यादव ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण महा अभियान चलाकर शहर के विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण किया जाता है। पूर्व के 5-6 वर्षो से लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है।



## एक नजर

### क्लॉडियस करेंगे केन्या में कमेंट्री

**रायपुर, 21 जून।** आगामी 22 से 29 जून तक केन्या के नैरोबी शहर में पहली जूनियर रोलबॉल विश्वकप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दुनियां के सभी महाद्वीपों की टीम भाग ले रही है. जिसमें भारत के लड़के और लड़कियों की टीम भी है। इस प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबलों का आंखों देखा हाल इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा प्रसारित किया गया जाएगा। भारत की ओर से आंखों देखा हाल सुनाने के लिए छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कमेंटेटर जसवंत क्लॉडियस को भी आमंत्रित किया गया है। पुणे में 2023 में आयोजित रोलबॉल विश्वकप 2024 में आयोजित एशियाई रोलबॉल विश्वकप के साथ ही 2023 में गोवा में सम्पन्न राष्ट्रीय खेलों में पहली बार शामिल रोलबॉल खेल के मैचों का भी आंखों देखा हाल श्री क्लॉडियस सुना चुके हैं। आंखों देखा हाल सुनाने के पिछले 32 वर्षों के सफर में इसके पहले वे 6 अन्य खेलों टेनिस, तीरंदाजी, साइकिलपोलो, थ्रोबाल, रग्बी 07, कबड्डी के अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की जीवंत कमेंट्री कर चुके हैं, साथ ही वे 09 अन्य खेलों के राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं की टेलीविजन के लिए लाइव कमेंट्री कर चुके है।



### अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन



**राजनांदगांव 21 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अभूतपूर्व उमंग एवं उल्लास के माहौल में योग संगम एवं हरित योग तथा एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन आज सुबह दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। जिला स्तरीय आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिकों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दुर्ग शहर श्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। विधायक दुर्ग शहर श्री गजेन्द्र यादव ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त महाअधिवेशन से विश्व में योग के लिए आव्हान किया। आज विश्व के 170 देशों में योग लागू किया गया है। योग भारत के सनातन एवं प्राचीन संस्कृति की अमूल्य देन है। यह तन एवं मन को स्वस्थ रखते हुए आनंदित जीवन जीने के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने निरोगी एवं स्वस्थ रहने के लिए आव्हान किया। उन्होंने कहा कि योग करने से आयु बढ़ती है। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य, मानवता एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए भारतीय परंपरा में वसुधैव कुटुम्बकम् को अपनाया गया है और धरती व पर्यावरण एक है, ऐसा माना गया है।

### ई-ऑफिस क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण 24 जून को

**राजनांदगांव 21 जून।** ई-ऑफिस के सुचारू संचालन हेतु 24 जून 2025 को सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक तीन पालियों में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक ई-ऑफिस तथा शाम 4 बजे से शाम 5 बजे तक पीआईएमएस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को प्रशिक्षण में कम से कम 2 अधिकारी व कर्मचारी की अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 23 से 27 जून तक रायपुर में काउंसलिंग

**राजनांदगांव 21 जून।** प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए मेरिट सूची में दर्शित वर्गवार विद्यार्थियों की 23 से 27 जून 2025 तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढियारी जिला रायपुर में काउंसलिंग का आयोजन किया गया है। काउंसिलिंग के लिए विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है। इसके तहत 23 जून को अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक, 24 जून को अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका, 25 जून को अनुसूचित जाति बालक-बालिका, 26 जून को अन्य पिछड़ा वर्ग बालक-बालिका एवं 27 जून को सामान्य व अल्पसंख्यक वर्ग के बालक-बालिका की काउंसिलिग होगा।

## कैबिनेट मंत्री देवांगन ने आमजनों से योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का किया आह्वान

# योग, शरीर और मन को स्वस्थ रखने का सर्वोत्तम उपाय है: लखन लाल देवांगन





**रायपुर, 21 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में कोरबा नगरीय क्षेत्र के लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर कन्वेन्शन हॉल में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंत्री देवांगन ने विभिन्न मुद्राओं का योगाभ्यास कर योग से होने वाले लाभ की जानकारी दी एवं सभी से योग को अपने दैनिक जीवन मे अपनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन कुमार सिंह, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, वनमण्डलाधिकारी कोरबा मयंक अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, स्वास्थ कर्मी, स्वच्छता दीदी एवं बड़ी संख्या में नगरवासियों ने सामूहिक योग कार्यक्रम में हिस्सा लेकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शरीर व मन को स्वस्थ रखने के लिए योग ही सर्वोत्तम उपाय है। उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है। उनके आह्वान पर भारत सहित अनेक देशों ने योग को अपनाकर इसे अपनी जीवनशैली में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि योग हमारे प्राचीन परंपरा और संस्कृति का अटूट हिस्सा रहा है। पुराने समय में ऋषि मुनि नियमित योग साधना से अनेक बिमारियों से दूर रहते थे। इस हेतु हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की 2047 विकसित भारत की अवधारणा ही है कि देश का हर क्षेत्र में विकास हो, हर व्यक्ति का जीवन सुविधा संपन्न हो, विकसित भारत की अवधारणा को साकार करने के लिए हर नागरिक को स्वस्थ होना होगा, तभी विकसित भारत का सपना पूरा होगा। मंत्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का अनुशरण करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी योग को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। आज राज्य के सभी 33 जिलों में विभिन्न स्तरों पर योगाभ्यास किया जा रहा है साथ ही अनेक शासकीय, निजी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों में भी योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है।

## घड़ियाली आंसू बहा रहे भाजपा नेता: कुलबीर

■ मुख्य सरगना भाजपा का पदाधिकारी संजय सिंह अभी तक गायब, क्यों नहीं पकड़ा जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 21 जून।** संस्कारधानी शहर के मोहड़ वार्ड नं. 49 में रेत माफियाओं द्वारा निर्दोष ग्रामीणों पर लाठीडंडा व बंदूक की नोक पर वारदात करते हुए गोलीकांड जैसी अपराधिक घटना हुए एक सप्ताह बीत जाने के बाद आज भाजपाई नेता मोहड़ व शिवनाथ नदी पहुंचकर ग्रामीणों से मिलने गए जिस पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने भाजपा नेताओं व भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत पर तंज कसते हुए कहा कि रेत माफिया का मुख्य सरगना भाजपा पदाधिकारी संजय सिंह क्यों नहीं पकड़ा जा रहा इससे लगता है भाजपा अपने दोहरे चरित्र और जनविरोधी नीति अपना रही है। छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस सदैव जनता के हित के लड़ाई लड़ी है इस घटना के बाद से आज दिनांक तक लगातार रेत माफियाओं पर कार्यवाही की मांग कर रही है 15 जून को कांग्रेस के छह सदस्यीय टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से चर्चा की वहीं 17 जून को पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ग्रामीणों से मिले, उनके दुख-दर्द में शामिल हुए इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने पुलिस प्रशासन को 08 दिन में अपराधियों कार्यवाही करने का अल्टीमेंटम दिया था नही तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी। 19 जून को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को कांग्रेस द्वारा अल्टीमेटम देकर 08 दिन में कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## मटिया मुक्तिधाम में श्रमदान कर की गई साफ-सफाई




■ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 40 जामुन पौधों का वृक्षारोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव, 21 जून।** नगर पंचायत डोंगरगांव द्वारा पर्यावरण संरक्षण तथा नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मटिया मुक्तिधाम में श्रमदान कर साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर ÷एक पेड़ मां के नाम÷ संकल्प के साथ 40 नग जामुन के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष मती अंजू त्रिपाठी, एस.डी.एम. कांत कोराम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनम्र जेमा सहित नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं पंचायत कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## चाकू लहरा कर आम लोगों को डरा धमका रहे बदमाश गिरफ्तार



■ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट की गयी कार्यवाही।

■ 01 नग धारदार चाकू किया गया जप्त

**राजनांदगांव, 21 जून।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में क्षेत्र मे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत दिनांक 19.06.25 के रात्रि मे मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि छत्तीसगढ़ होटल के पास सार्वजनिक स्थान मे धारदार चाकु लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहे है सूचना पर तत्काल दबीश देकर मौके पर आरोपी धनेश्वर यादव पिता तीजू यादव उम्र 25 साल साकिन शीतला मंदिर रोड वार्ड नं. 05 चिखली पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। क्षेत्र मे शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु गुण्डा, बदमाष, असमाजिक तत्वो पर विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: पुलिस विभाग द्वारा योगाभ्यास किया गया



**राजनांदगाव, 21 जून।** योगाभ्यास में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक सहित जिले के 170 से अधिक अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुये। प्रातः रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पहले पुलिस विभाग द्वारा योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक सहित जिले के 180 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों ने शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ और सक्रिय रहने के लिए योगाभ्यास किया गया जिसमें योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम की विधियां सिखाई गईं, जिन्हें नियमित रूप से अपनाकर लाभ उठाने की प्रेरणा दी गई।

## घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्यवाही



**मोहला, 21 जून।** कलेक्टर मति तुलिका प्रजाप्रति के निर्देशन में जिले में खाद्य विभाग द्वारा होटलों में अचानक दबिश देते हुये विकासखंड मोहला एवं अंबागढ चौकी में महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग व भंडारण करने वाली दुकानों पर छापा मारा गया। यह छापेमारी विकासखंड मोहला के सोनी होटल, आसमा भोजनालय एवं दादू होटल तथा विकासखंड अंबागढ चौकी स्थित अपना बिरयानी एंड कबाब सेन्टर, सिन्हा बिरयानी सेंटर, सिन्हा भोजनालय एवं दोसा इटली सेंटर तथा यादव होटल पर की गई, जहाँ व्यावसायिक कार्य के लिये घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा था। मौके से कुल 06 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। यह कार्यवाही जिले के बाजार क्षेत्रों में की गई, जिसमें कई दुकानों, ठेले में घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध उपयोग करते हुए पकड़ा गया। जांच के दौरान टीम को कई स्थानों पर घरेलू उपयोग हेतु निर्धारित एलपीजी सिलेंडरों का व्यवसायिक रूप से उपयोग करते हुए पाया गया। यह कार्य न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत खतरनाक है। जांच दल में खाद्य अधिकारी आशीष रामटेके, सहायक खाद्य अधिकारी धरमू राम किरंगे, खाद्य निरीक्षक विश्वनाथ बंजारे, हेमंत नायक व सहायक प्रोग्रामर राहुल चन्द्राकर सम्मिलित थे। संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 एवं द्रविकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश, 2000 के तहत कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रखा जायेगा।

## संपादकीय

# हिंसक होते प्रदर्शन

मणिपुर में इम्फाल जिले के क्वाकेथेल सिंगजामेई में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प हुई। तुलिहाल के उप-विभागीय कलेक्टर कार्यालय को जलाये जाने से सरकारी रिकॉर्ड नष्ट हुए और इमारत को भी नुकसान हुआ। मैतई संगठन अरम्बाई तेंगोल के नेता कानन सिंह समेत चार की गिरफ्तारी का बाद निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए रात भर मशाल जुलूस निकाला। महिला समूहों ने भी इस प्रदर्शन में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों की आवाजाही में अवरोधक बनाए, सड़कों पर मिट्टी के ढेर लगा दिए और जगह=जगह टायरों को जलाया। हिंसक होते प्रदर्शन को रोकने के लिए इम्फाल पश्चिम व पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर, काकचिंग जिलों में निषेधाज्ञा लागू कर इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई। मई 2023 से मैतई और कुकी के दरम्यान चलल रही जातीय हिंसा में ढाई सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। राज्य विधानसभा के निलंबन के बाद से 13 फरवरी से राज्य में राष्ट्रपति शासन के अधीन है। स्थानीय जनता तत्काल सरकार के गठन की मांग कर रही है। सीबीआई विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के चलते गिरफ्तारियां भी कर रही है। केंद्र द्वारा जून 2023 में तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया था। उसी साल अगस्त में सबसे बड़ी अदालत ने राज्य की संवैधानिक मशीनरी के पूरी तरह ध्वस्त होने की बात भी की थी। बावजूद इसके केंद्र सरकार का रवैया मणिपुर को लेकर बेहद शर्मनाक है। बेघर हो रही स्थानीय जनता आस-पास के राज्यों में पलायन करे मजबूर है। रोजगार संकट बढ़ता ही जा रहा है। शिक्षा व्यवस्था चरमारा चुकी है। कुकी और मैतई संघर्ष नया नहीं है मगर उसे सुलझाने या शांत करने में केंद्र को जैसी महती भूमिका निभानी चाहिए। उसके प्रति वह उपेक्षा भाव अपनाए है। पूर्वोत्तर राज्यों का यह आरोप है कि उनको समुचित सम्मान नहीं दिया जाता और हमेशा उनके साथ पक्षपात भरा बर्ताव होता है। केंद्रीय गृहमंत्री के दौरे के बावजूद उम्मीद की जा रही थी कि प्रधानमंत्री वहां का दौरा करें मगर विपक्ष के लगातार कटाक्ष के बावजूद नरेन्द्र मोदी ने मणिपुर की अशांति पर कभी विचार तक नहीं प्रकट किए। प्रदेशवासियों की संवेदनाओं का ख्याल रखते हुए शांति बहाली के प्रति कड़े कदम उठाने चाहिए। देश की अखंडता के प्रति किसी भी तरह की लापरवाही गलत संदेश दे सकती है। जरूरी है, केंद्र को अपने रवैये में लचीलापन लाते हुए दूरदर्शितापूर्ण नजर आना होगा।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने समय और धन दोनों को ध्यान में रखकर कामों को करें, इसलिए आप किसी को धन उधार देने से बचें। यदि आप विदेश जाने की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा पूरी हो सकती है। कोई कानूनी मामला आपके लिए सिरदर्द बन सकता है। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है। आप अपने पिताजी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ जाएगी।

वृष आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। नवविवाहित जातकों के जीवन में किसी मेहमान की दस्तक हो सकती है। आप अपने डेली रूटीन को बेहतर करने की कोशिश करें। संतान के मनमानी व्यवहार के कारण आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आप जीवनसाथी को कहीं शॉपिंग आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा, जिससे आपको काफी सारी मुश्किलों से राहत मिलेगी।

मिथुन आज का दिन आपके लिए जनकल्याण के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आप किसी प्रकार का कोई जोखिम लेने से बचें। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अकस्मात धन लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करने की आवश्यकता है।

कर्क आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपको काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे। आपका कोई मित्र आपकी किसी बात को लेकर नाराज हो सकता है। आपको किसी काम में उसके नीति और नियमों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। जनकल्याण के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप अपनी सेहत में लापरवाही करेंगे, तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपको किसी नई नौकरी की भी प्राप्ति हो सकती है।

सिंह आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में कोई काम करने के लिए रहेगा। आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। मित्रों का साथ आप पर बना रहेगा। आप किसी प्रॉपर्टी से संबंधित कोई डील को फाइनल करेंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आप परिवार के सदस्यों को लेकर किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपको अपने किसी पुराने मित्र की याद सता सकती हैं। आपको अपनी मेहनत पर भरोसा रखने की आवश्यकता है, जिससे आपका आत्मविश्वास और बढ़ेगा।

कन्या आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी सबको साथ लेकर चलने की कोशिश कामयाब रहेगी। आपको किसी पारिवारिक मामले को भी मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है। यदि आपने कोई कोई बात छुपा रखी थी, तो वह परिवार के सदस्यों के सामने उजागर हो सकती हैं आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। आपको अपने बिजनेस से संबंधित कामों को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेकर आगे बढ़ाना बेहतर रहेगा।

तुला आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी अजनबी से काम को लेकर कोई सलाह लेने से बचें। लेन-देन से संबंधित मामलों में आप अपनी आंख और कान खुले रखें। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपके ऊपर कोई नई जिम्मेदारी डाल सकते हैं। आपको मन मुताबिक काम न मिलने से भी मन परेशान रहेगा। आपकी संतान किसी नए कोर्स में दाखिला ले सकती है। आपको अपने जीवनसाथी से तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। ससुराल पक्ष से आपको लाभ मिलता दिख रहा है।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए सेहत पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। यदि आप किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो वह पूरा हो सकता है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको अपने जीवन में पारिवारिक रिश्तों को प्राथमिकता देनी होगी। आप किसी से कोई बात सोच समझकर बोले। आपको सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा। आप अपने धन को लेकर किसी योजना में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होगी।

धनु आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। राजनीति में आपकी अच्छी पकड़ रहेगी। आपके सहयोगी भी कामों में पूरा साथ देंगे। आप अपने पिताजी से काम को लेकर कोई बातचीत कर सकते हैं। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने जीवनसाथी से किसी बात को लेकर यदि नाराज चल थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

मकर आज का दिन आपके लिए आवश्यक कामों को पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने किसी मित्र के लिए कुछ रूपयों का इंतजाम भी कर सकते हैं। आपका जल्दबाजी के कारण कोई काम बिगड़ सकता है। बिजनेस कर रहे लोग अपने साथी से काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती रहेगी। आपको बड़ों की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके धनधान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी को कहीं घुमाने फिराने लेकर जा सकते हैं।

कुंभ आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक उत्सव की तैयारी शुरू हो सकती हैं। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने आर्थिक मामलों को ध्यान देकर निपटाने की आवश्यकता है। आप अपनी जिम्मेदारियों से बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगे। माता-पिता आपके काम में पूरा साथ देंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिल सकता है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।


मीन आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आप अपना एक लक्ष्य लेकर चलेंगे, तो ही आप अपने कामों को समय से पूरा कर सकेंगे। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो वह कानूनी हो सकता है। आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान देंगे और अपने खर्चों को भी आप नियंत्रण में करने की कोशिश करेंगे, तभी आप भविष्य को लेकर कुछ धन संचय कर पाएंगे। आप बड़ों की बातों को पूरा महत्व देंगे और बिजनेस से जुड़ा कोई फैसला आप थोड़ी समझदारी दिखाते हुए लें।

## विदेश

# इस युद्ध का भविष्य अनिश्चित है, इसके परिणाम पूरी दुनिया को प्रभावित करेंगे

संजय सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार

ईरान-इजरायल युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों देशों के बीच तनाव और संघर्ष मध्य पूर्व की भू-राजनीति का एक गंभीर और दीर्घकालिक मुद्दा बनता जा रहा है, जो 2025 में और अधिक गहरा हो गया है। दोनों देशों के बीच छिड़ा युद्ध, जो पहले केवल छद्म युद्ध या प्रॉक्सी संघर्षों तक सीमित था,उसके हालात काफी बदल चुके हैं और यह अब सैन्य टकराव का रूप ले चुका है, दोनों देश एक-दूसरे को खत्म कर देने की धमकी दे रहे हैं। इन देशों का युद्ध क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता के लिए गंभीर चुनौतियां प्रस्तुत कर रहा है। वहीं अन्य देश भी इस युद्ध को खत्म कराने की कोशिश करने की बजाये दोनों देश के बीच एक पक्ष बनते जा रहे हैं। अमेरिका, रूस, चीन ,ब्रिटेन जैसे तमाम देश अपने देश के हितों को ध्यान में रखकर फैसला ले रहे हैं। सही-गलत का कोई पैमाना ही नहीं रहा है।दोनों देश एक -दूसरे पर घातक हथियारों से हमला कर रहे हैं। गौरतलब यह है कि ईरान और इजरायल के बीच शत्रुता की जड़ें 1979 की ईरानी क्रांति में निहित हैं, जब आयतुल्लाह खोमैनी के नेतृत्व में इस्लामी गणतंत्र की स्थापना हुई। इस क्रांति ने न केवल ईरान की विदेश नीति को पुनर्परिभाषित किया, बल्कि इजरायल को एक प्रमुख शत्रु के रूप में चिह्नित किया। ईरान ने इजरायल को अवैध ज़ायोनी शासन के रूप में देखा और फिलिस्तीनी मुद्दे को अपने क्षेत्रीय प्रभाव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया। दूसरी ओर, इजरायल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्र में इसके प्रभाव, विशेष रूप से हिज़्बुल्लाह और हमास जैसे समूहों के समर्थन को, अपने अस्तित्व के लिए खतरे के रूप में देखा। यह वैचारिक और रणनीतिक टकराव दशकों तक प्रॉक्सी युद्धों के रूप में प्रकट हुआ, विशेष रूप से सीरिया, लेबनान और यमन में।



इस साल के मध्य में यह तनाव प्रत्यक्ष सैन्य टकराव में बदल गया है। जून 2024 में इजरायल द्वारा ईरान के महत्वपूर्ण ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले और जून 2025 में एक ईरानी टेलीविजन भवन पर हमले ने इस संघर्ष को नए स्तर पर पहुंचा दिया। ईरान ने जवाबी कार्रवाई में मिसाइल हमले किए,ईरान ने इजरायल पर क्लस्टर मिसाइल से भी अटैक किया। हालांकि इजरायल का आयरन डोम और अन्य रक्षा तंत्र इनमें से अधिकांश हमलों को नाकाम करने में सफल रहे,लेकिन पूरी तरह से वह इसे नहीं रोक पाये। इन हमलों ने दोनों देशों की सैन्य क्षमताओं और कमजोरियों को उजागर किया। इजरायल की उन्नत तकनीक और सटीक हमले करने की क्षमता ने ईरान के हवाई रक्षा तंत्र की अपर्याप्तता को सामने ला दिया, जबकि ईरान की लंबी दूरी की मिसाइलों ने इजरायल के लिए एक गंभीर खतरा प्रस्तुत किया। दोनों देश के बीच छिड़े इस संघर्ष का एक प्रमुख कारक ईरान का परमाणु कार्यक्रम भी है। इजरायल बार-बार दावा कर रहा है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने की दिशा में अग्रसर है, जो उसके अस्तित्व के लिये खतरा है। 2015 के परमाणु समझौते के पतन के बाद, विशेष रूप से 2018 में अमेरिका के इससे बाहर निकलने के बाद, ईरान ने यूरेनियम संवर्धन को तेज कर दिया। 2025 तक, कुछ रिपोर्ट्स का दावा है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की दहलीज पर पहुंच चुका है, हालांकि यह दावा विवादास्पद और असत्यापित है। इजरायल ने इस खतरे को कम करने के लिए साइबर हमले (जैसे स्टक्सनेट) और लक्षित हत्याओं का सहारा लिया, जिसने ईरान को और अधिक आक्रामक रुख अपनाने के लिए प्रेरित किया। उधर, क्षेत्रीय गठबंधन और वैश्विक शक्तियों की भूमिका इस संघर्ष को और जटिल बनाती है। इजरायल को अमेरिका, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों का समर्थन प्राप्त है, जो अब्राहम समझौते के बाद और मजबूत हुआ है। दूसरी ओर, ईरान ने रूस, चीन और अपने प्रॉक्सी समूहों जैसे हिज़्बुल्लाह और हौथी विद्रोहियों के साथ गठबंधन बनाए रखा है। हालांकि, रूस और चीन की प्रत्यक्ष सैन्य सहायता सीमित रही है, क्योंकि रूस यूक्रेन युद्ध में उलझा है और चीन क्षेत्रीय संघर्ष में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप से बचता है। भारत जैसे देश, जो दोनों देशों के साथ आर्थिक और रणनीतिक संबंध रखते हैं, तटस्थ रुख अपनाए हुए हैं, जो उनकी ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता की चिंताओं को दर्शाता है। ईरान के परमाणु बम से इत्तर बात कि जाये तो आर्थिक और सामाजिक प्रभाव भी इस युद्ध का एक महत्वपूर्ण पहलू हैं। ईरान, पहले से ही प्रतिबंधों और आर्थिक संकट से जूझ रहा है, इजरायल के हमलों से और कमजोर हुआ है। ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले ने तेल उत्पादन और निर्यात को प्रभावित किया, जिससे ईरान की अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ा। दूसरी ओर, इजरायल की अर्थव्यवस्था, जो तकनीक और नवाचार पर आधारित है, इस युद्ध के बावजूद अपेक्षाकृत स्थिर रही, हालांकि निरंतर युद्ध ने सामाजिक तनाव को बढ़ाया है। दोनों देशों में जनता युद्ध की थकान और अनिश्चितता से जूझ रही है, जिसने आंतरिक असंतोष को जन्म दिया है। इस संघर्ष के संभावित परिणाम कई दिशाओं में जा सकते हैं। सबसे खतरनाक परिदृश्य एक पूर्ण युद्ध है, जिसमें परमाणु हथियारों का उपयोग शामिल हो सकता है। कुछ स्रोतों के अनुसार, अमेरिका में 2025 के अंत तक परमाणु हमले की संभावना पर सट्टेबाजी हो रही है, जो इस खतरे की गंभीरता को दर्शाता है। दूसरी ओर, कूटनीतिक हस्तक्षेप, विशेष रूप से तटस्थ मध्यस्थों जैसे संयुक्त राष्ट्र या क्षेत्रीय शक्तियों के माध्यम से, युद्ध को सीमित कर सकता है। हालांकि, दोनों देशों के नेतृत्व की कठोर रवैया और क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्विता इसे मुश्किल बनाती है। वैश्विक प्रभाव की दृष्टि से, यह युद्ध तेल की कीमतों में उछाल, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और शरणार्थी संकट को जन्म दे सकता है। मध्य पूर्व पहले से ही अस्थिर है, और इस युद्ध ने सीरिया, लेबनान और यमन जैसे देशों में प्रॉक्सी संघर्षों को और भड़का दिया है। इसके अलावा, यह युद्ध वैश्विक शक्तियों के बीच ध्रुवीकरण को बढ़ा सकता है, जिसमें अमेरिका और उसके सहयोगी एक तरफ और रूस-चीन गठबंधन दूसरी तरफ खड़े हों। कुल मिलाकर ईरान-इजरायल युद्ध 2025 में एक खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है, जिसमें ऐतिहासिक शत्रुता, परमाणु महत्वाकांक्षाएं, क्षेत्रीय गठबंधन और वैश्विक हस्तक्षेप शामिल हैं। यह संघर्ष न केवल मध्य पूर्व, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए एक गंभीर चुनौती है। इसके समाधान के लिए कूटनीति, संयम और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में यह एक दूर की कौड़ी प्रतीत होता है। इस युद्ध का भविष्य अनिश्चित है, और इसके परिणाम न केवल दोनों देशों, बल्कि पूरे विश्व के लिए निर्णायक होंगे।



# धमाकों से दहला तेलअविव और तेहरान

संजीव ठाकुर



अमेरिका और इजरायल की इस युती के मानसिक असंतुलनों की सनक ने इजरायल ईरान के युद्ध को जन्म दिया है। इस युद्ध का कोई तात्कालिक कारण नहीं है इस युद्ध के नेपथ्य में इसराइल और ईरान की दशकों की तैयारी रही है। इसराइल और अमेरिका ने ईरान को आतंकवाद का एक बड़ा केंद्र निरूपित किया है और इजरायल ने आरोप लगाया है कि ईरान पिछले दो दशकों से इसराइल के विरुद्ध छद्म युद्ध करता आ रहा है उसने पर्दे के पीछे रहकर हिज्बुल मुजाहिदीन, हमास और हुती आतंकवादियों को लगातार आर्थिक,सामरिक और रणनीतिक मदद करता आ रहा है और हिजबुल हमास और हूती आतंकवादी संगठनों नें लगातार इसराइल पर हमले करके हजारों इसराइलियों की हत्या भी की हैं। इसके साथ ही इसराइल के कई ठिकानों को नष्ट किया है। इसराइल और अमेरिका लगातार ईरान को परमाणु बम ना निर्मित करने और परमाणु संधि करने के लिए समय ब समय चेतावनी देते आ रहे हैं। इन सब में उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिका राष्ट्रपति बनने के बाद इसराइल ज्यादा आक्रामक होकर गाजापट्टी तथा फिलिस्तीन पर आक्रामक हमले कर उसे समूल नष्ट करने की प्रक्रिया में जुट गया है। इसराइल और ईरान की लड़ाई की पृष्ठभूमि में ईरान द्वारा अपने पास परमाणु ईंधन संग्रहित करने उसे परमाणु बम बनाने की प्रक्रिया अपनाने, लगातार मिसाइल निर्माण करने और खतरनाक आतंकवादियों को संरक्षण समर्थन एवं आर्थिक मदद देने की रही है। जिसकी भयानक परिणीति यह रही कि तेरा जून 25 से इजरायल ने ईरान के परमाणु केन्द्रों, लगभग 12 परमाणु वैज्ञानिकों और लगभग 6 ईरान के टॉप सैनिक कमांडरों की हत्या कर दी है। तेहरान में ताबड़तोड़ हमले कर तेहरान को आधा बर्बाद कर दिया है। इजरायल द्वारा उनके समस्त परमाणु वैज्ञानिकों की हमले से हत्या करने के बाद ईरान को अपने परमाणु प्रोग्राम में बहुत बड़ा झटका लगा है। इजरायल ने ईरान के तमाम परमाणु केन्द्रों, न्यूज़ नेटवर्क अस्पतालों पर हमले किए हैं। अब जवाब में ईरान भी अपने नेता अयातुल्लाह खेमनई के नेतृत्व में लगभग 200 मिसाइल से इसराइल के तेलअबिब शहर में आक्रमण कर तेल तथा गैस के भंडारों अस्पतालों एवं स्टॉक एक्सचेंज की बिल्डिंग को तबाह कर दिया है। इधर ताजा जानकारी के अनुसार इसराइल ने ईरान के हेवी वॉटर रिएक्टर पर हमला कर दिया और इसके परिणाम स्वरूप हेवी वॉटर रिएक्टर तबाह हो गया है यह हेवी वॉटर रिएक्टर न्यूक्लियर प्रोग्राम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसके जवाब में ईरान ने इजरायल के चार शहरों जिसमे तेल अबिब,बिशेबा,रमतगढ़ और होलोंन शहर में लगभग 30 से 35 टारगेटेड मिसाइल से हमला बोल दिया है इजरायल की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 176 लोग घायल हुए हैं जिसमें 6 लोग गंभीर बताई जाते हैं इसराइल के प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया है कि ईरान ने जानबूझकर उसके नागरिक ठिकानों, अस्पतालों और स्टॉक एक्सचेंज पर मिसाइल का निशाना बनाया है इजरायल ईरान युद्ध अब आठवें दिन में प्रवेश कर चुका है। दूसरी तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति ने कनाडा में G7 सम्मेलन को अचानक छोड़कर अमेरिका वापस लौटने की रणनीति बनाकर इसराइल को युद्ध में समर्थन देने की बात कही है वैसे तो डोनाल्ड ट्रंप अपने राष्ट्रपति पद के दूसरे कार्यकाल में अति अविश्वसनीय रहे हैं। उनकी अविश्वसनीयता का सबसे बड़ा उदाहरण उनके चुनाव में अरबों डॉलर खर्च करने वाले व्यापारी मित्र एलन मस्क को व्यापार में कोई भी लाभ न देकर अपना दुश्मन बना लिया है, दूसरी तरफ भारत के पहलगाम हमले में 27 भारतीयों की निर्मम हत्या करने वाले मास्टरमाइंड तथाकथित फील्ड मार्शल असीम मुनीर को लंच पर आमंत्रित किया है। यह पहला मौका है जब पाकिस्तान के किसी फौजी प्रमुख को अमेरिका के राष्ट्रपति ने लंच या डिनर पर आमंत्रित किया है इसके पहले अयूब खान,जिया उल हक एवं परवेज मुशर्रफ आमंत्रित किये जा चुके हैं। राष्ट्र प्रमुख को डिनर या लंच पर आमंत्रित करना एक सामान्य प्रक्रिया हो सकती है पर एक फौजी प्रमुख जो राष्ट्र प्रमुख नहीं है और पहलगाम आतंकवाद की पृष्ठभूमि में मास्टरमाइंड को आमंत्रित करना एक तरह से आतंकवाद को समर्थन देना है। इसी दौरान भारत के प्रधानमंत्री को भी डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका आमंत्रित किया था पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी दृढ़ता के साथ अपने निर्धारित कार्यक्रम को छोड़कर अमेरिका जाने से साफ इनकार कर दिया है यह भारत की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता भी है।



वैसे पाकिस्तान के फौजी प्रमुख असीम मुनीर रोटी और बोटी के चक्कर में ईरान के के साथ अमेरिका से हाथ मिलाकर बहुत बड़ा धोका किया है। समाचार एजेंसी के अनुसार असीम मुनीर ने पाकिस्तान के दो एयर बेस को अमेरिका को इस्तेमाल करने की पेशकश की है जो कि ईरान से बहुत कम दूरी पर स्थित है और अमेरिका के फाइटर प्लेन वहां से उड़कर ईरान पर आक्रमण करेंगे। यह तो बहुत ही स्पष्ट है कि पाकिस्तान आजादी के बाद से आतंकवादियों का केंद्र रहा है और धर्म के नाम पर पाकिस्तान की स्थापना ही की गई है तो उससे वफा की उम्मीद करना बेकार है किंतु अमेरिका जैसे बाहुबली देश के सर्वे सर्वा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्यापार टैरिफ को बढ़ाकर न सिर्फ पूरी दुनिया को धोखा दिया बल्कि भारत के साथ भी असीम मुनीर को लंच पर बुलाकर बड़ी धोखेबाजी की है। अंतर्राष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी सीएनएन के अनुसार रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन स्पष्ट रूप से अमेरिका और इसराइल को चेतावनी दे दी है कि यदि ईरान में रह रहे 350 रूसी नागरिकों को किसी भी बम या मिसाइल से नुकसान पहुंचेगा तो इसराइल और अमेरिका को इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे रूस अपने नागरिकों को ईरान से वापस नहीं बुला रहा है। दूसरी तरफ चीन ने भी ईरान का खुलकर समर्थन देने की घोषणा कर दी है। इन परिस्थितियों में डोनाल्ड ट्रंप डर कर पीछे हट गए हैं और उन्होंने इसराइल के साथ ईरान पर हमला करने का निर्णय स्थगित कर दिया है उन्होंने इसराइल को समझाया है कि जरा रुकिए अमेरिका कुछ दिनों बाद ईरान पर हमला करने की योजना बनाएगा। अमेरिका की इस घोषणा के बाद इजरायल बड़ी मुसीबत में फसता नजर आ रहा है। इसराइल हमास युद्ध पिछले 1 वर्षों से ज्यादा समय से चल रहा है और उसे हमास हुती और लेबनान के हमले का सामना करना पड़ रहा है अब ईरान पूरी तरह से युद्ध करने की मानसिकता में आ गया है वह किसी भी तरह समझौते की बात नहीं करना चाहता यह अलग बात है कि ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के मध्य ईरान की विदेश मंत्री ने कहा है कि उनका देश फ्रांस जर्मनी ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ जिनेवा के परमाणु वार्ता में शामिल होगा न्यूज़ एजेंसी रायटर्स के अनुसार जर्मनी फ्रांस और ब्रिटेन की विदेश मंत्री पहले यूरोपीय संघ के सीनियर राज्य नई काजा कालास के साथ जेनेवा मैं जर्मनी के स्थाई मिशन में मुलाकात करेंगे और परमाणु संधि पर ईरान के संदर्भ में गंभीर विमर्श किया जाएगा। पर इसके अलावा ईरान ने इसराइल के प्रति अपने रुख को स्पष्ट करते हुए लगातार ताबड़तोड़ हमले इसराइल पर कर रहा है यह तो तय है कि ईरान इराक युद्ध वैश्विक परमाणु युद्ध का कारण हो सकते हैं पर इस विश्व युद्ध को रोका भी जा सकता है, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकियों को ठिकानों पर हमला करके पाकिस्तान के निवेदन तथा अनुनय विनय पर ऑपरेशन सिंदूर को स्थापित कर दिया है और उनकी किसी भी आतंकवादी घटना को एक्ट आफ वर्क मानकर पाकिस्तान पर हमला कर सकता है। ठीक इसी तरह भारत के प्रधानमंत्री ने G7 सम्मेलन में युद्ध में बातचीत से हल निकालने की पेशकश की है और यह बहुत ही सटीक तथा सामूहिक प्रयास से संभव हो सकता है।

## सेहत

# आंखों में लगातार होने वाला दर्द गंभीर स्वास्थ्य समस्या का हो सकता है संकेत

आंखों की सही देखभाल न कर पाने या फिर बार-बार दर्द होना किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या की ओर संकेत हो सकता है। हालांकि कई बार आंखों में हल्का-फुल्का दर्द होता है, लेकिन जब यह दर्द बार-बार या लगातार बना रहे, तो यह किसी समस्या का विषय हो सकता है। आंखें हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग होती हैं। आंखों की मदद से हम इस दुनिया की खूबसूरती को देख पाते हैं। लेकिन समय के साथ आंखों में कई तरह की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। आंखों के संक्रमण, बीमारियों या फिर चोट की वजह से आपको दर्द की समस्या हो सकती है। आमतौर पर आंखों में दर्द के अलावा जैसे लालिमा, सूजन और खुजली की समस्या भी हो सकती है। ऐसे में इस समस्या को नजरअंदाज करने की गलती नहीं करनी चाहिए और इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। कई बार आंखों की सही देखभाल न कर पाने या फिर बार-बार दर्द होना किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या की ओर संकेत हो सकता है। हालांकि कई बार आंखों में हल्का-फुल्का दर्द होता है, लेकिन जब यह दर्द बार-बार या लगातार बना रहे, तो यह किसी समस्या का विषय हो सकता है। ऐसे में अगर आपकी आंखों में भी दर्द रहता है, तो यह सुनिश्चित करें कि समय रहते इसका इलाज कराएं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आंखों में किन कारणों से दर्द की समस्या हो सकती है और इसका समय रहते इलाज क्यों जरूरी है।

**आंखों में दर्द और अन्य समस्याएं**-विशेषकर युवा आबादी में आंखों में दर्द बढ़ती इस समस्या के लिए डिजिटल आई स्ट्रेन को एक मुख्य कारण माना जा रहा है। यह समस्या उन लोगों में अधिक पाई जाती है, जो रोजाना कई घंटे स्क्रीन के सामने बिताते हैं। कुछ प्रकार की बीमारियों के कारण भी आंखों में दर्द की समस्या हो सकती है। कंजेक्टिवाइटिस इसका सबसे प्रमुख कारक माना जाता है। चोट के कारण भी आंख की सतह को नुकसान पहुंच सकता है, जिस कारण दर्द हो सकता है। प्रदूषण या इंफेक्शन के कारण भी आंख संबंधी समस्या हो सकती है।

**आंखों में दर्द का कारण**-आंखों में दर्द होते रहने के कई कारण हो सकते हैं। जिनमें से कुछ सामान्य और कुछ गंभीर मामले भी शामिल हैं। दिनभर की मेहनत और थकान के कारण भी आंखों में दर्द की समस्या हो सकती है। धूप में या फिर अंधकार में अधिक समय बिताने के कारण भी आंखों में दर्द व सूजन की समस्या बढ़ सकती है।

## सू-दोकू 86

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.085 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

**एक नजर**

## कटेकल्याण क्लस्टर में हुआ संतृप्ति करण शिविर का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 21 जून।** जिले के विकासखण्डों में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत संतृप्ति करण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शासन की जनकल्याण योजनाओं का सीधा लाभ देना और विभिन्न नागरिक सेवाओं को एक स्थान पर उपलब्ध कराना है। इस क्रम में आज कटेकल्याण क्लस्टर में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लखारास, परचेली, नड़ेनार, चिकपाल, मारजूम, बेंगलुर, मथाड़ी के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य, सरपंच, पंच एवं संबंधित सभी अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में आधार बनाने, बैंक खाता खुलवाने, आयुष्मान कार्ड बनवाने, जाति निवास बनाने, राशन कार्ड बनाने किसान क्रेडिट कार्ड बनाने, स्वास्थ्य जांच कराने आदि हेतु विभिन्न विभागों द्वारा काउंटर बनाये गए थे, शिविर में अपर कलेक्टर राजेश पात्रे भी सम्मिलित हुये उन्होंने शिविर में लगे सभी विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया व हितग्राहियों से रूबरू हुये, उन्होंने सेचुरेशन बेस पर सभी हितग्राहियों के दस्तावेज बनाने हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिये।

## राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत जनहित में 5 योजनाओं के संबंध में हुई कार्यशाला



**दंतेवाड़ा, 21 जून।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार गठित ''जागृति, आशा, संवाद, डान'', साथी'' इकाई के सदस्यों हेतु बैठक, कार्यशाला दिनांक 19 मई 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया गया था। उक्त कार्यषाला में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ''नालसा'' के ''डान'' योजना के तहत् नशीली दवाईयो के दुरूपयोग से ग्रस्त संवेदनशील क्षेत्रों और आबादी की पहचान कर पहचान कर कानूनी सहायता पहुंचाना और दाण्डिक कानून की जानकारी देना, नशीली दवाओं से प्रभावित व्यक्त्तियो और परिवारों को कानूनी और सामाजिक सहायता प्रदान करने, ''जागृति'' योजना के तहत् जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता के लिए विधिक जागरूकता फैलाने, ''संवाद'' योजना के तहत् अनुसूचित जन जातियो को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना, आदिवासियों से संबंधित कानून का प्रचार प्रसार, आदिवासी समुदायो को कानूनी प्रतिनिधित्व, शोषण से सुरक्षा न्याय तक पहुंच एवं हाशिये पर पड़े कमजोर आदिवासियो और विमुक्त, खानाबदोश जन जातियो को न्याय देने एवं ''साथी'' योजना के माध्यम से संविधान के अनुच्छेद 39 (ई) (एफ) को कायम रखने, बेसहारा बच्चों को कानूनी, पहचान प्रदान, सड़को पर या देखभाल गृहो में रहने वाले, निराश्रित बच्चों को सरकारी लाभ, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और विभिन्न बालकल्याण कानूनो के तहत् सुरक्षा प्रदाय तथा ''आशा'' योजना के द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवंसंरक्षण) अधिनियम 2015 के कानूनी ढांचे के बारे में जागरूकता आदि।

## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत ने की गहन समीक्षा बैठक



**दंतेवाड़ा, 21 जून।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं राज्य व केंद्र सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन स्थित सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के चारों विकास खंडों दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण एवं कुआकोंडा में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड पंजीयन, सियान-जतन योजना, सिकल सेल एनीमिया की जांच, क्षय (टीबी) नियंत्रण कार्यक्रम, मलेरिया उन्मूलन, पोषण पुनर्वास केंद्र, नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट, मोतियाबिंद ऑपरेशन, जन औषधि केंद्र, गैर-संचारी रोग नियंत्रण, सुरक्षित मातृत्व अभियान, नेक्स्ट जेन कार्यक्रम समेत अनेक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 150 बच्चियों ने अपने मां संग किया वृक्षारोपण

**दंतेवाड़ा, 21 जून।** आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कारली स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रांगण में ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के तहत स्कूली बच्चों और उनकी माताओं ने मिलकर आम, जामुन, नारियल, नींबू जैसे विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया। इस कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि प्रत्येक पौधे के समक्ष लगे तख्तियों में बच्चों के नाम के साथ-साथ उनकी मांओं के नाम भी अंकित किए गए थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुए विधायक श्री चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे और सभी ने पौधे रोपित किए। विधायक श्री चैतराम अटामी ने बच्चों को कहा कि ÷पौधे लगाना सिर्फ एक शुरुआत है। असली जिम्मेदारी उसकी देखभाल करना है। जैसे हम अपने किसी साथी या दोस्त की चिंता करते हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर

# मां दंतेश्वरी के पवित्र प्रांगण में हुआ योग महोत्सव का आयोजन

- एक साथ हजारों लोगों ने किया योग
- जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारियों समेत बड़ी संख्या में स्कूली एवं नर्सिंग छात्र योग उत्सव में हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 21 जून।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम माई दंतेश्वरी के पवित्र प्रांगण मेंडका डोबरा मैदान में आयोजित किया गया जहां बड़ी संख्या में योग साधक पहुंचे थे। योग दिवस के अवसर पर आज जिले के विभिन्न स्थानों पर भी सामूहिक योग प्रदर्शन किया गया। योग उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी मौजूद रहे। योग दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और पूरी तन्मयता के साथ योग विशेषज्ञ डॉ0 भारती रजक व डॉ0 संतोष बर्मन के सानिध्य में करीब डेढ़ घंटे तक मेंडका डोबरा मैदान में योग का अभ्यास किया। योगाभ्यास करने मेंढका डोबरा मैदान में जिले के कई जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी/कर्मचारी, नर्सिंग कालेज एवं लाईवलीहुड कालेज के छात्र छात्राएं, सामाजिक संगठनों के लोग समेत बड़ी संख्या में आम नागरिक भी पहुंचे थे। जहां लोगों ने एक् घंटे तक योग के अलग अलग आसन कर जमकर पसीना बहाया। योगाभ्यास करने मैदान में दंतेवाड़ा कलेक्टर कुणाल दुदावत पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चैतराम अटामी ने एक साथ योगाभ्यास किया। उक्त अवसर पर अपने संदेश में मुख्य अतिथि चैतराम अटामी ने प्रधानमंत्री मा0 नरेंद्र मोदीजी का धन्यवाद करते कहा कि उनके प्रयासों से ही 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित हुआ है। विश्व के 177 से भी ज्यादा देशों में आज के दिन को योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह भारतीय संस्कृति की गौरवशाली विरासत है, जिसे संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व परंपरा का हिस्सा बना लिया। योगाभ्यास हमारे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शक्तियों एवं क्षमताओं में वृद्धि करता है एवं हमारी सोच और चिंतन में सकारात्मक बदलाव लाता है। योग से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहता है। वर्षो पूर्व ऋषि मुनि भी जंगलों में योग करते थे और अपने को फिट रखते थे। इसलिए योग को ऋषि मुनियों की ही देन मानी गयी है। नियमित योगाभ्यास से असाध्य रोगों पर भी विजय पाई जा सकती है।

# राशन काडर्धारी सदस्यों का ई केवायसी कराना अनिवार्य

- इसके लिए अंतिम तिथि 30 जून तक निर्धारित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 21 जून।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जिले में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाने के लिए सभी राशन काडर्धारी सदस्यों का ई-केवायसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। भारत सरकार के निर्देश पर ''एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड योजना'' के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से ही खाद्यान्न वितरण किया जाना है। इसके लिए अंतिम तिथि 30 जून 2025 निर्धारित की गई है। निर्धारित समय-सीमा के भीतर ई-केवायसी नहीं कराने वाले सदस्यों को भविष्य में राशन मिलने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी कृतिक कौशिक ने बताया कि जिले में वर्तमान में 82 हजार 712 राशनकार्ड सक्रिय हैं, जिनमें कुल 2 लाख 65 हजार 182 सदस्य पंजीकृत है। इनमें से अब तक 1 लाख 90 हजार 286 सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो चुका है.

### 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ई-केवायसी से मिलेगी छूट

खाद्य विभाग के अनुसार, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ई-केवायसी से छूट दी गई है। शेष सभी लाभार्थियों को आधार आधारित प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है। जिले की सभी उचित मूल्य की दुकानों में ई-पॉस मशीन के माध्यम से यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही डिजिटल सुविधा को बढ़ावा देने के लिए ''मेरा ई-केवायसी'' मोबाइल एप के माध्यम से भी यह प्रक्रिया घर बैठे पूर्ण की जा सकती है।

## नीट में छू लो आसमान, संस्थान के चार विद्यार्थियों ने किया जिले का नाम रौशन



**दंतेवाड़ा, 21 जून।** छू लो आसमान दंतेवाड़ा जिले की आवासीय कोचिंग संस्था, ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रमाण दिया है। हाल ही में नीट यूजी 2025 के तहत जारी परीक्षा परिणामों में संस्था के 39 विद्यार्थियों ने परीक्षा अन्तर्गत अर्हता हासिल की है। ज्ञात हो कि संस्था के से कुल 128 विद्यार्थियों द्वारा भाग नीट यूजी 2025 परीक्षा दिया गया था। इसमें से चार विद्यार्थियों ने इतनी अच्छी रैंक अर्जित की है कि उन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस सीट मिलना तय है। इन छात्रों में समीर (अंक 343 वर्ग एसटी) पिता लच्छू राम पता मकान क्र. 01, गुड्डीपारा, मेटापाल, इंद्र कुमार अंक (अंक 336 वर्ग एसटी) पिता फागनु पता मकान क्र. 110, राउतपारा, लाला गुड़ा, विकासखंड बास्तानार, संतोष पोडियम (अंक 336 वर्ग एसटी) पिता कोसा पता मकान क्र. 181, चिकपाल, परचेली, . कु. रत्ना रामू (अंक 334 वर्ग एसटी) पिता रामू पता ग्राम धुरली के नाम शामिल है। ये सभी छात्र जिले के दूरस्थ, आदिवासी और आंतरिक इलाकों से आते हैं, और उन्होंने यह सिद्ध किया है कि अवसर मिलने पर कोई भी छात्र बुलंदियां छू सकता है।

# बड़े बचेली और समेली में जन जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर का आयोजन



**दंतेवाड़ा, 21 जून।** प्रधानमंत्री ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे-आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान योजना, मातृ वंदन योजना, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन, जनधन खाता बीमा योजना इत्यादि से आदिवासी हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने हेतु दिनांक 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर जन जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में विकासखण्ड दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत बड़े बचेली, एवं विकासखंड कुआकोंडा के ग्राम समेली में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान जन जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर का हुआ आयोजन आज संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत बड़े बचेली में आयोजित शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुजांम, जिला पंचायत सदस्य मती लिलेश्वरी नागेश, जनपद पंचायत अध्यक्ष दंतेवाड़ा मती सुनिता भास्कर, सरपंच ग्राम पंचायत पढापुर सुनिल वारसा, ग्राम पंचायत बड़े बचेली सरपंच गोविंद कुंजाम, ग्राम पंचायत सरपंच विजय कुमार कर्मा, अन्य ग्राम पंचायत के सरपंचगण एवं जनपद सवस्यगण तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रदीप पटेल एवं अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। उक्त शिविर में आधार कार्ड के 08 आवेदनों, जनधन बैंक खाता अंतर्गत 05, राशन कार्ड के 24, किसान क्रेडिट कार्ड अंतर्गत 03, जाति प्रमाण पत्र हेतु 02 आवेदन प्रकरणों का षिविर स्थल में ही निराकरण किया गया।

## राज्य महिला आयोग कोण्डागांव में 24 जून को करेगी सुनवाई

**कोण्डागांव, 21 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई मंगलवार 24 जून को कोण्डागांव में करेगी। आयोग द्वारा कोण्डागांव स्थित जिला कार्यालय के सभा कक्ष में मंगलवार को सुबह 11 बजे से कोण्डागांव और नारायणपुर जिले के महिला उत्पीड़ से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक, संभाग प्रभारी दीपिका शोरी एवं सह प्रभारी ओजस्वी मंडावी उपस्थित रहेंगी।

# कटेकल्याण में संपन्न हुआ पुनर्वास सुविधा शिविर



**दंतेवाड़ा, 21 जून।** विगत दिवस कटेकल्याण में आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए एक दिवसीय पुनर्वास सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज की मुख्यधारा से कटे हुए लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समावेशी विकास से जोड़ना था। इस शिविर में लगभग 90 हितग्राहियों को 238 योजनाओं से जोड़ने की पहल की गई। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी गोवर्धन प्रसाद साहू की उपस्थिति में लाभार्थियों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, श्रम कार्ड, बस पास, नरेगा जॉब कार्ड, सामाजिक पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंक खाता खोलना, स्वयं सहायता समूहों से जोड़ना, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र जारी करना, कौशल विकास प्रशिक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, वन अधिकार पट्टा जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं का लाभ दिया गया।

यह शिविर राज्य शासन की नक्सल प्रभावित पुनर्वास नीति के अंतर्गत आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य हिंसा से बाहर आ चुके या हिंसा से प्रभावित परिवारों को सामाजिक, आर्थिक और संस्थागत सहयोग प्रदान कर मुख्यधारा में पुनः स्थापित करना है।

# बिन्ध्य कुर्मी समाज की संभाग स्तरीय बैठक सम्पन्न

- बैठक में सर्व सम्मति से संभाग स्तरीय पदाधिकारियों का किया गठन
- समाज को सशक्त, सुदृढ एवं एकजुट करने पर दिया गया बल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 21 जून।** बीते दिनों मां दंतेश्वरी की पावन एवं धार्मिक नगरी दंतेवाड़ा में बिन्ध्य कुर्मी समाज का संभागीय बैठक आहुत किया गया । उक्त बैठक में कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, भानपुरी, सोनारपाल, बीजापुर एवं भैरमगढ़ से बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए। बैठक में जहां संभाग स्तरीय पदाधिकारियों का गठन किया गया वहीं समाज को सशक्त एवं एकजुट करने के साथ साथ बच्चों के शिक्षा, दीक्षा, शादी संस्कार, समाज के पिछड़े पंक्ति में खड़े लोंगों की मदद कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ना इत्यादि विषयों पर सकारात्मक चर्चा की गई। बिन्ध्य कुर्मी समाज की बैठक दंतेवाड़ा में 12 जून को ग्राम चितालंका के जंगलपारा शिव मंदिर परिसर में आहुत की गई थी। बैठक में बड़ी तादात में समाज के लोग शामिल होने पहुंचे थे। सर्व सम्मति से चर्चा उपरांत संभाग स्तरीय पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें बिन्ध्य कुर्मी समाज के संभागीय अध्यक्ष निवास पटेल, उपाध्यक्ष-जीतेंद्र पटेल, सचिव-नन्दलाल पटेल, सह सचिव-राम दरश पटेल एवं कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी विश्वनाथ पटेल को सौंपी गई।

कमेटी के सदस्य के रूप में राशि रमन पटेल, गंगादीन पटेल, एवं संरक्षक का दायित्व प्रेमलाल पटेल एवं रामनारायण पटेल को सौंपा गया। बिन्ध्य कुर्मी समाज के जिला अध्यक्ष अरूण पटेल ने बताया कि समाज का विधिवत सरकार से रजिस्ट्रेशन भी करवा लिया गया है। पंजीयन के बाद समाज का संभागीय पदाधिकारियों का गठन भी विधिवत कर लिया गया है। पटेल ने समाज के सभी लोगों से आग्रह करते कहा कि अब हम सबको एकजूट होकर समाज को ताकतवर बनाना है।

**समाचार संक्षेप**

## कलेक्टर ध्रुव ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण



**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा शुक्रवार को जिला चिकित्सालय सुकमा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों, ब्लड बैंक, एमसीएच बिल्डिंग आदि को घूम-घूमकर देखा। इस दौरान साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने और मरीजों के लिए अन्य आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के संदर्भ में अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनरल वार्ड, एमसीएच बिल्डिंग, और अन्य वार्डों का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने डायलिसिस कक्ष को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वार्ड में मरीजों और उनके परिजनों से जिला अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं और दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों से चर्चा कर मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने आवश्यक मशीनों की आपूर्ति तथा बिगड़े मशीनों में सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ध्रुव ने एमसीएच बिल्डिंग में बैठक व्यवस्था और लाइट की व्यवस्था को बिल्डिंग में वाई-फाई और कम्प्यूटर उपलब्ध कराने और स्टाफ की पूर्ति करने के निर्देश दिए।

## एक हार्डकोर ईनामी सहित 5 नक्सली गिरफ्तार



**सुकमा, 21 जून।** सुकमा जिले के थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत सक्रिय पामेड एरिया कमेटी के एक हार्डकोर ईनामी नक्सली सहित 5 नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार एक नक्सली पर छग शासन द्वारा पद के अनुरूप 2 लाख रूपये का ईनाम घोषित है। गिरफ्तार नक्सलियों से हथियार टंगिया एवं लाठी/डण्डे को बरामद किया गया। गिरफ्तार सभी नक्सली थाना जगरगुण्डा क्षेत्र के ग्राम पूवर्ती के निवासी हैं। जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में मुखबिर की सूचना पर थाना जगरगुण्डा से तोमेश वर्मा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा के हमराह जिला बल का बल एवं कैम्प पूवर्ती से एसी. अजय त्यागी, एसी. रवि चंदर के हमराह 150 वाहिनी सीआरपीएफ बल की संयुक्त पार्टी केसो ड्यूटी एवं नक्सल आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु ग्राम पूवर्ती व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुई था। अभियान के दौरान ग्राम पूवर्ती के मिसीपारा और ओईपारा की घेराबंदी कर थाना जगरगुण्डा के प्रकरण में फरार चल रहे पामेड़ एरिया कमेटी के सक्रिय 5 नक्सलियों जो जगरगुण्डा पूवर्ती के ग्राम पटेल रामा बोडके की पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर लाठी/डण्डे एवं धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दिए थे।

## माओवादियों ने की युवक की पिटाई, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**सुकमा, 21 जून।** जिले में एक बार फिर से माओवादियों ने अपनी दहशत फैलाने की कोशिश की है. माओवादियों ने बीती रात एक ग्रामीण की बेरहमी से पिटाई कर दी है. जिसकी वजह से ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गया है. घटना के बाद घायल ग्रामीण को परिजनों की मदद से अस्पताल में बेहतर ईलाज के लिए भर्ती कराया गया है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र में स्थित तिम्मापुरम गांव में बीती देर रात 2 से 3 माओवादी पहुंचे हुए थे. इसके बाद माओवादियों ने गांव में ही रहने वाले रितेश मुचाकी की बेरहमी से पिटाई कर दी. माओवादियों के द्वारा किये गए इस पिटाई से रितेश बुरी तरह से घायल हो गया युवक की पिटाई करने के बाद माओवादी गांव से चले गए. घटना के बाद घायल युवक को परिजनों की मदद से अस्पताल में बेहतर ईलाज के लिए भर्ती कराया गया है. वहीं इस वारदात के बाद ईलाके में दहशत फैल गई है. बताया जा रहा है कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए माओवादियों की पतासाजी में जुट गई है. इसके साथ ही पुलिस इस मामले में माओवादियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने की तैयारी कर रही है.

## मध्यान्ह भोजन रसोइयों का खाद्य सुरक्षा संबंध में हुआ जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**दंतेवाड़ा, 21 जून।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग एवं शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में जिले अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल में मध्यान्ह भोजन रसोइयों एवं स्वच्छता समूह के सदस्यों को भारत सरकार के भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन (फास्टैक) खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय दंतेवाड़ा में दिया गया। इस प्रशिक्षण में रसोइयों एवं समिति समूह के सदस्यों को स्कूल के बच्चों को मध्यान्ह भोजन दिए जाने हेतु आवश्यक खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता भोजन के गुणवत्ता फोर्टीफाइड खाद्य पदार्थ का उपयोग आदि के संबंध में तथा स्वच्छ वातावरण में भोजन निर्माण करने हेतु जानकारी दिया गया।

## सम योगा कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय योग कार्यशाला आयोजित



**दंतेवाड़ा, 21 जून।** दिनांक 20 जून को आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के परिप्रेक्ष्य में लाइवलीहुड कॉलेज कारली में सम योगा कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय योग कार्यशाला केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र ( सीसीआरवाईएन) नई दिल्ली के सौजन्य से आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में 120 ज्यादा प्रतिभागी उपस्थित थे। इस कार्यशाला आयोजन में आयुष विभाग दंतेवाड़ा के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉक्टर संतोष कुमार बर्मन ने वर्तमान में योग की आवश्यकता विषय पर व्याख्यान देने के साथ-साथ प्रतिभागियों को ओम मेडिटेशन का अभ्यास कराया। इसके अलावा योग गुरु बी आर साहू ने योग नियमित अपनाने हेतु प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

# जिले के लिए नियुक्त चीफ नोडल ऑफिसर्स ने किया केलो परियोजना एवं जलजीवन मिशन का निरीक्षण



**रायगढ़, 21 जून।** भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना पी.एम.के.एस.वाई. (केलो प्रोजेक्ट) एवं जल जीवन मिशन के कार्यो का निरीक्षण कर सत्यापन करने भारत सरकार द्वारा 03 सदस्य केन्द्रीय टीम रायगढ़ पहुंचे। जिसमें डायरेक्टर यूथ अफेयर्स एण्ड स्पोर्टस साराह जयाल सावक्मी, साईटिस्ट बी जसबोंता जानी एवं उप निदेशक, मॉनिटरिंग एण्ड अप्रैजल डायरेक्टरेट श्री घनश्याम पटेल द्वारा 19 एवं 20 जून को रायगढ़ जिले के पी.एम.के.एस.वाई. योजना अंतर्गत केलो प्रोजेक्टर सिंचाई परियोजना तथा ग्राम परसदा एवं चिराईपानी में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया गया।

केन्द्रीय टीम द्वारा ग्राम परसदा एवं चिराईपानी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत सिंगल विलेज नल-जल प्रदाय योजना के तहत पानी टंकी, घरेलु नल कनेक्शन के माध्यम से जल प्रदाय प्रारंभ के संबंध मे ग्रामवासियों से जानकारी ली। जिसमें ग्रामवासियों द्वारा जल प्रदाय प्रारंभ के संबंध में केन्द्रीय टीम को बताया गया। इस दौरान चीफ नोडल ऑफिसर द्वारा ग्रामवासियों का आवश्यकता अनुसार पानी के उपयोग एवं पंप आपरेटर को निर्धारित समय मे पानी चालू/बंद करने सुझाव दिया। ग्राम में उपस्थित जल वाहिनियों द्वारा एफटीके किट के माध्यम से पानी की शुद्धता की जांच कर जल वाहिनी द्वारा केन्द्रीय टीम को अवगत कराया। केन्द्रीय टीम द्वारा पानी में क्लोरिन की मात्रा का नियमित जांच करने हेतु सुझाव दिया। साथ ही ग्रामवासियों को पेयजल की समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित सरपंच/उपसरपंच से सम्पर्क कर उसका शीघ्र निराकरण करने हेतु सुझाव दिया।

तत्पश्चात केन्द्रीय टीम ने आज कलेक्ट्रोरेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें जिले में पी.एम.के.एस.वाई. एवं जल जीवन मिशन के कार्यों को कार्ययोजना बनाकर योजना को जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जिले में भू-जल संवर्धन हेतु हैण्डपंप के समीप एवं समस्त घरों में सोख्ता गड्ढ़ा के निर्माण को बढ़ावा देने हेतु सुझाव दिया गया।

## एक नजर

### केलो नदी की सफाई युद्धस्तर पर शुरू मानसून से पहले नगर निगम की बड़ी मुहिम



**रायगढ़, 21 जून।** जीवनदायिनी केलो नदी को स्वच्छ और प्रवाहमान बनाए रखने की दिशा में नगर निगम रायगढ़ ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए नदी की सफाई युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई है। यह सफाई कार्य वर्तमान में राजा महल से कयाघाट पुल तक पोकलेन मशीन के माध्यम से किया जा रहा है।नगर निगम द्वारा पहली बार इतने बड़े पैमाने पर नदी की गहराई और बहाव को सुचारु बनाए रखने के लिए कार्य किया जा रहा है। वर्षों से केलो नदी के किनारे जमा मलबे को हटाकर स्लेपिंग की जा रही है ताकि जल प्रवाह में कोई बाधा न हो। इस अभियान की जानकारी देते हुए महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने बताया कि नगर निगम शहर की स्वच्छता और जल-व्यवस्था को लेकर पूरी तरह संजीदा है। पिछले एक माह से शहर के प्रमुख नालों की सफाई की जा रही है और अब केलो नदी की सफाई के माध्यम से नगर की सुंदरता, स्वच्छता और पर्यावरणीय संतुलन को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।

### रिसर्च के क्षेत्र में करें बेहतर प्रयास, स्थानीय संसाधनों पर केन्द्रित रिसर्च को दें बढ़ावा:देवांगन

**रायगढ़, 21 जून।** आयुक्त, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन डॉ.संतोष देवांगन के मुख्य आतिथ्य में आज शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020क्रियान्वयन के बिन्दु पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ.प्रवीण कुमार पाण्डेय संभागीय अपर संचालक उच्च शिक्षा बिलासपुर, डॉ.जी.ए.घनश्याम, संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा एवं डॉ.डी.के.श्रीवास्तव, ओ.एस.डी (एनईपी) उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कुलपति प्रो.डॉ.ललित प्रकाश पटैरिया एवं कुलसचिव डॉ.इन्दु अनंत उपस्थित रहे।आयुक्त, उच्च शिक्षा डॉ.संतोष देवांगन ने अपने गुरूजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन से संबंधित विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने रिसर्च के क्षेत्र में उच्च शिक्षा में बेहतर प्रयासों के लिए प्राध्यापकों से कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय संसाधनों पर क्रेन्द्रित रिसर्च को बढ़ावा देने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ की गई एनईपी कार्यक्रम उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है।

### योग को जीवन शैली में शामिल करें:गुरु खुशवंत साहेब

**मोहला 21 जून ।** जिला मुख्यालय के माडिंगपिडिंग स्थित पुलिस लाईन में आज 11 वें विश्व योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने इस अवसर पर सभी साधकों को योगा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति रही है। भारतीय पुरातन विरासत और धरोहर को संजोए रखने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना से आज विश्व के 177 देशों में योगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमें योग को दैनिक जीवन में शामिल करना चाहिए। योग को दैनिक जीवन शैली में शामिल कर स्वस्थ्य जीवन यापन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग करने से आत्मविश्वास बढ़ता है। नियमित योग करने से संतुलित जीवन यापन करने का रास्ता खुलता है।

# कलेक्टर ने डेयरी उद्योग, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं गारमेंट फैक्ट्री का किया अवलोकन



**बीजापुर 21 जून ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जिला स्तर पर अधिक से अधिक रोजगार सृजित कर स्थानीय निवासियों, महिलाओं, महिला स्वसहायता समूह, नक्सल पीड़ित परिवारों तथा आत्म समर्पित नक्सलियों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर पर व्यापक सुधार लाने के लिए रोजगार मूलक विभिन्न संस्थानों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान जनपद पंचायत परिसर में स्थित डेयरी उद्योग का संचालन करने स्थानीय स्तर पर दुग्ध संग्रहण कर गौसेवकों से उचित दर पर संग्रहीत किए गए दुग्ध का पनीर बनाने की व्यवसाय स्थापित कर उनके विक्रय हेतु सीआरपीएफ कैम्प, आश्रम, छात्रावास एवं पोटाकेबिन में सप्लाई करने की पहल करने के निर्देश दिए ताकि दुग्ध विक्रेता किसानों को सही दाम भी मिल सके एवं पनीर उद्योग संचालित कर लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो सके। उक्त परिसर के प्रसंस्करण केन्द्र का अवलोकन कर वहां मौजूद मशीनों के बारे में जानकारी ली एवं उनके उपयोग संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन दिए।तत्पश्चात कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर पहुंचकर वहां के आजीविका मूलक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा मशरूम उत्पादन हेतु स्पॉन तैयार किए जाने की जानकारी देते हुऐ बताया कि 15-20 किसानों द्वारा मशरूम का पैदावार किया जाता है। स्थानीय बाजार में मशरूम की मांग अच्छी है। कलेक्टर ने मशरूम उत्पादन, ग्राफ्टेड बैगन, टमाटर, मिर्ची सहित विभिन्न सब्जी फसलों के उत्पादन पर जोर दिया। वहीं जिले के प्रगतिशील एवं आदर्श किसानों की जानकारी ली।कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि एवं आजिविका बढ़ाने की गतिविधियों से अवगत होकर किसानों का प्रशिक्षण भी आयोजित करने को कहा। वहीं आत्मसमर्पित नक्सलियों को भी उन्नत कृषि इत्यादि का पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदाय कर उनको रोजगार से जोड़ने के निर्देश दिए।कृषि विज्ञान केन्द्र के पॉली हाऊस सहित विभिन्न यूनिट का अवलोकन किए पोल्ट्री हेचरी का रिनोवेशन कराने तथा आम के विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन करते हुए उन्नत किस्म के आम के पौधे तैयार करने के निर्देश दिएइस दौरान कलेक्टर श्री संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने एक पेड़ मां के नाम के तहत नारियल का पौधरोपण भी किया। गारमेंट फैक्ट्री का अवलोकन करते हुए कुछ मशीनों के यूनिट और बढ़ाने के निर्देश दिए तथा अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। गारमेंट फैक्ट्री में आत्मसमर्पित नक्सली महिलाओं को भी रोजगार दिया जा रहा है। वहां मौजूद महिलाओं से कलेक्टर ने आवश्यक चर्चा करते हुए उनके अनुभवों से अवगत हुए।इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री अरूण सकनी सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों की ली बैठक



रायगढ़, 21 जून। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टर कक्ष में निर्माण एजेंसियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने सभी निर्माण एजेंसियो को निर्देशित किया कि जो निर्माण कार्य अंतिम चरण में है उसे अतिशीघ्र पूर्ण करें, इसके साथ ही जो निर्माण कार्य बारिश में संभव नहीं है उनके सभी कार्य पूर्ण रखें ताकि बारिश के पश्चात उसे तत्काल प्रारंभ किया जा सके।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने पीएमजीएसवाय की समीक्षा की। उन्होंने विभाग अंतर्गत निर्माणाधीन एवं स्वीकृत सड़कों की जानकारी लेते हुए कहा कि जनसामान्य की सुविधा के लिए सड़कों का निर्माण कार्य महत्वपूर्ण है। सभी सड़कों के कार्य को प्राथमिकता से किया जाए, इसके साथ जो निर्माण कार्य बारिश में हो सकते है उसे जारी रखे। कलेक्टर चतुर्वेदी ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं भवन निर्माण कि जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने सड़क, भवन एवं जमा मद के कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अधिकांश कार्य प्रगति पर है। लेकिन कुछ निर्माण कार्य निविदा, भू-अर्जन का कारण लंबित है। जिस पर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि जो कार्य लंबित है उससे संबंधित सभी कार्यों को पूर्ण कर ले। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने लोक निर्माण विभाग सेतु के कार्यों की समीक्षा की। विभागीय अधिकारी ने बताया कि प्रगतिरत 6 कार्यों में से 02 इस माह में पूर्ण किया जाएगा। वहीं 12 कार्य निविदा स्तर पर है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान में प्रगतिरत कार्यों को तेजी पूर्ण करें। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत योजनावार स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की।

### ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम हुआ आयोजित

**महासमुंद 21 जून ।** पुरातत्व, ऐतिहासिक नगरी एवं पर्यटन स्थल सिरपुर के लक्ष्मण मंदिर परिसर में ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह आयोजन पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग रायपुर मंडल द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम में श्रीमती रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्राकर, स्काउट गाइड संघ के जिलाध्यक्ष श्री येतराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोगरा पटेल, अभ्यास किया।

### अवैध रेत उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई, 2 जेसीबी लोडर और 2 हाइवा वाहन जब्त

**महासमुंद, 21 जून ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज सुबह खनिज विभाग द्वारा ग्राम बिरकोनी में कुल 04 वाहनों को रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

खनिज विभाग, पुलिस एवं राजस्व की टीम ने 2 जेसीबी लोडर वाहन एवं 2 हाइवा को रेत का अवैध परिवहन करते हुए जप्त किया गया। चारों वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ महासमुंद थाना में खड़ा किया गया है। खनिज अधिकारी श्री योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है।


# 333 पीएम आवास के हितग्राहियों ने आवास परिसर में किया पौधरोपण



**रायगढ़, 21 जून।** जनपद पंचायत लैलूंगा अंतर्गत ग्राम पंचायत गहना झरिया में 333 प्रधानमंत्री आवास पूर्ण किए जा चुके है। जिसके पश्चात आज एक पेड़ मां के नाम 2.0 योजनान्तर्गत इन हितग्राहियों को आम, जामून एवं कटहल के दो-दो पौधों का वितरण किया गया। जिसे हितग्राहियों ने अपने पूर्ण हुए आवासों के आसपास रोपित किए। इस दौरान हितग्राहियों ने पौधा रोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा और हरियाली बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। यह अभियान पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है और मातृत्व के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का सुंदर तरीका भी है।एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के तहत हितग्राहियों ने अन्य स्थानों में भी पौध रोपण एवं अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का संकल्प लेते हुए इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। सीईओ जनपद लैलूंगा श्री सनत नायक ने बताया कि इस अभियान को बढ़ाते हुए आगामी दिनों में ग्राम-तोलमा में शासकीय पड़त भूमि में वृहत वृक्षारोपण की कार्ययोजना बनायी गई है। जिसमें वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के सहयोग से पौधा प्रदान किया जाएगा। वहीं ग्राम सरपंच एवं ग्रामीणों के सहयोग पौध रोपण का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर सीईओ जनपद लैलूंगा श्री सनत नायक, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, उप अभियंता, तकनीकी सहायक एवं जनपद स्टाफ उपस्थित रहे।

# किरंदुल औद्योगिक नगर बना कचरा नगर,नगरवासी त्रस्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरंदुल,21 जून।** कभी स्वच्छता के दावे करने वाला किरंदुल औद्योगिक नगर आज बदहाली और गंदगी का प्रतीक बनता जा रहा है। नगर के मुख्य मार्गो से लेकर हर गली-मोहल्ले तक फैला कूड़ा-कचरा अब आम जनता के लिए मुसीबत बन गया है। आलम यह है कि बस स्टैंड से बचेली जाने वाले मार्ग का मुख्य रास्ता भी कचरे के ढेर से अटा पड़ा रहता है। यह वही मार्ग है जहां से रोज़ाना हज़ारों लोग वाहनों और पैदल आवागमन करते हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर के आंतरिक वार्डों की स्थिति इससे भी बदतर है। कचरे और गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि इन हालातों की ओर न तो नगर पालिका प्रशासन का ध्यान जा रहा है और न ही कोई जनप्रतिनिधि संजीदगी दिखा रहे हैं।नगरवासियों ने समाचार पत्रों के माध्यम से जिला प्रशासन से मांग की है कि नगर के मुख्य मार्गों सहित सभी वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। समय पर कूड़ा उठाव, कीटनाशक छिड़काव एवं गंदगी के निस्तारण की सख्त आवश्यकता है।

स्वच्छता नहीं तो स्वास्थ्य नहीं। किरंदुल को फिर से स्वच्छ और सुंदर नगर बनाने की जरूरत है, अब और देरी नहीं।नगर के नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो यह गंदगी गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। प्रशासन से अनुरोध है कि इस मामले को प्राथमिकता देते हुए नगर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने की दिशा में तत्परता से कार्यवाही की जाए।

### हिंदी हमारी राजभाषा ही नहीं वरन सर्वप्रिय भाषा है: साहू

**भिलाई, 21 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग में राजभाषा विभाग के सहयोग से राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक राजेश कुमार साहू एवं महाप्रबंधक ए. बी. श्रीनिवास उपस्थित थे। इस अवसर पर राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान, पर्यावरण एवं सुरक्षा विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की गई, पुरस्कृत प्रतिभागी इस प्रकार रहे प्रथम- सुश्री उर्मिला जावेद खान, द्वितीय- यशवंत कुमार साहू, तृतीय- राजेश कुमार गुप्ता। प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता रहे।

# तेंदूपत्ता संग्रहण में 31.45 करोड़ का भुगतान, ग्रामीणों को मिला सहारा

**मोहला 21 जून ।** जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी में उत्पादित होने वाले तेंदूपत्ता उच्च कोटी की होती है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तेंदूपत्ता संग्रहण 50000 मानक बोरा से अधिक का संग्रहणे किया गया। वर्ष 2025-26 में 57187 मानक बोरा तेंदुपत्ता संग्रहण 36930 परिवारो द्वारा किया गया एवं संग्राहक परिवार को रूपये 31,45,28,500 का भुगतान किया जा रहा है। उक्त संग्रहण 39 प्राथमिक लघु वनोपज समिति द्वारा किया गया है।तेंदूपत्ता संग्रहण करने पर संग्राहक परिवार को संघ संचालित सामूहिक सुरक्षा योजना, राजमोहनी देवी तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना एवं शिक्षा प्रोत्साहन का लाभ भी मिलता है। वर्ष 2024-25 में लघु वनोपज संघ संचालित बीमा योजना मे 89 प्रकरणों मे कुल राशि- 75,52,000 का भुगतान किया गया।लघुवनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण तथा लाख पालन को बढ़ावा देने हेतु वनमंडल द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। वर्ष 2025 में कोदो, कुटकी, रागी कुल 1701.97 क्वि. खरीदी की गई एवं हितग्राहियों को कुल रूपये 54,60,601 रूपये भुगतान किया गया।ग्राम कुंजकन्हार ,कारेकट्टा, खैरकट्टा एवं चिखलाकसा में कुसुम लाख पालन का कार्य प्रारंभ किया गया है, जिससे ग्रामीणों के आय में वृद्धि होगी।

### सट्टा-जुआ की शिकायत पर परिवार का किया सामाजिक बहिष्कार, सरपंच समेत 18 के खिलाफ एफआईआर

**कवर्धा,21 जून।** प्रदेश के गांवों में आज भी सामाजिक बहिष्कार का दंश लोग झेल रहे हैं. ऐसा ही एक मामला सहसपुर लोहारा ब्लॉक के सिंघनगढ़ गांव में सामने आया है, जहां जुआ-सट्टा की शिकायत करने पर 7 परिवारों के 50 लोगों का सामाजिक बहिष्कार कर दिया गया है. मामले में पुलिस ने पंचायत सरपंच समेत 18 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है.पीड़ित भगवान राम साहू ने सरपंच खिलावन राम साहू उर्फ मनी साहू और अन्य ग्रामीणों के खिलाफ थाने में शिकायत की थी. पीड़ितों ने बताया कि गांव में पदस्थ आयुर्वेदिक विभाग के फार्मासिस्ट विधा सिंह धुर्वे करीब 30 साल से कार्यरत हैं. वह अपने सरकारी पद का दुरुपयोग कर राजनीतिक गतिविधियों में लिप्त रहता है. गांव में जुआ, शराब जैसे असामाजिक कार्यों में शामिल रहते हैं. पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत क्षेत्रीय विधायक से की थी. इसकी जानकारी जब सरपंच खिलावन राम को हुई, तो वह भड़क गया सरपंच ने गांव के हनुमान मंदिर के पास बैठक बुलाई बैठक में परिवार से शिकायत वापस लेने को कहा गया. शिकायत वापस लेने से मना करने पर परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दी गई. इसके साथ सरपंच ने सभी सात लोगों को गांव से बहिष्कृत कर दिया. इसके लिए सरपंच ने बाकायदा आदेश लिखकर उस पर अपनी मुहर और हस्ताक्षर कर दिए. आदेश में कहा गया कि इन सात लोगों से कोई बात नहीं करेगा, कोई दुकान सामान नहीं बेचेगी, कोई बैठक में शामिल नहीं करेगा. यदि कोई इनसे बात करेगा तो उस पर एक हजार रुपए का जुर्माना लगेगा।

# कच्चे घास फूस की झोपडिय़ां अब पक्के मकानों की कालोनी में हुई तब्दील



**रायगढ़, 21 जून।** धरमजयगढ़ के सुदूर वनांचल में बसा है जबगा गांव। यह बिरहोर परिवारों का निवास भी है। यहां रहने वाले 7 बिरहोर परिवार एक स्थान पर झोपड़ी बनाकर रहते हुए पालतू जानवरों के लिए रस्सी तैयार कर जीवन यापन कर रहे थे। उन्होंने सोचा नहीं था कि उनका कच्चा मकान कभी पक्का बन पाएगा। लेकिन आज पीएम जनमन योजना से उन परिवारों के लिए एक साथ एक कालोनी के रूप में बसाए गए है। बिरहोर परिवार अब अपने पुराने कच्चे मिट्टी के घर को छोड़कर अपने पक्के प्रधानमंत्री आवास में रह रहे है। पक्का घर से मिलने से अब उन्हें सुरक्षा और स्थिरता का अहसास हो रहा है, जिससे उनके चेहरे पर स्पष्ट खुशी दिखाई दे रही हैं।

विदित हो कि रायगढ़ जिला अंतर्गत धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम बलपेदा ग्राम पंचायत जबगा जो कि जनपद मुख्यालय से 20 किमी एवं जिला से लगभग 100 कि.मी दूरी पर स्थित है। यहां पर निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति-बिरहोर के 7 परिवार निवासरत हैं। जो कि 2016 के पूर्व जंगल में ही बने एक गुफा में निवास करते थे। बलपेदा के ग्रामीण ही उन्हें जंगल से निकाल कर ग्राम के निकट आबादी प्लॉट में निवास करने के लिए कह कर जंगल से बाहर लाये थे। वहीं इनके द्वारा रहने के लिए झोपड़ी एवं कच्चे मकान बनाये गये थे, पक्का आवास तो जैसे इनके लिए सपना था।जंगल में प्राप्त होने वाले माहुल पेड़ से पालतु जानवरों जैसे-गाय, बकरी को बांधने वाली रस्सी बनाकर एवं स्थानीय भाषा में बोले जाने वाले बगाई नामक घास जिससे रस्सी बनाकर खाट का नेवार बनाया जाता है, जिसे बेचकर अपने कमाए पैसों से दैनिक आवश्यकताओं को पूर्ण करते है। इन्हीं कमाएं हुए पैसों से अपने परिवार के सदस्यों का भरण पोषण भी करते है। यह भोजन के रूप में कोदो, कनकी जैसे अनाज को ग्रहण करते हैं। गांव पहाड़ी क्षेत्र में होने के कारण हर साल तेज हवा, पानी के कारण घरों को बहुत नुकसान होता था। जिसके कारण इन परिवारों को हर साल घर की मरम्मत करनी पड़ती है। इस वजह से इन परिवारों की आय का अधिकांश हिस्सा घर मरम्मत में ही खर्च हो जाता था। जिससे इन परिवारों के आशियाने की चिंता बनी रहती थी। बरसात के दिनों में कच्चे मकानों में साफ -सफाई की कमी से बीमारी का खतरा भी बना रहता था। पक्के मकान मिलने के बाद ये सारी चिंता और चुनौतियां अब दूर हो गई हैं।

रायगढ़ जिले के अंतिम छोर में लैलूंगा के करीब बस है कुर्रा गांव। इसकी पहचान विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवारों में निवास स्थल के रूप में भी है। पीएम जनमन योजना में शामिल होने के बाद यहां दिखने वाले 10 बिरहोर परिवारों के कच्चे घास फूस के घर अब पक्के मकानों में तब्दील हो चुके हैं। इन परिवारों के मकान निर्माण एक साथ एक कॉलोनी के रूप में किया गया है। इस बिरहोर कॉलोनी के लिए विशेष रूप से डिजाइन और लेआउट तैयार करवाया गया। जिससे ये अपने समुदाय बीच रह सकें। इन घरों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण करवाया गया है। उनके आवागमन हेतु सड़क, पेयजल व्यवस्था हेतु पानी, बिजली की सुविधा जिला प्रशासन की तरफ से प्रदाय किया जा रहा है। इन बिरहोर परिवारों को शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ा गया है। जो बिरहोर परिवार घास-फुस, झुग्गी झोपड़ी, छप्पर वाले कच्चे घरों में रहते थे। बरसात के मौसम में जहरीले सांप, बिच्छु एवं अन्य जंतुओं को भय बना रहता था। अब वे पीएम जनमन योजना से पक्के आवास का निर्माण कर अपने सपनों के आशियानों में सुकून से रह रहे हैं।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 23 से 27 तक रायपुर में

**बीजापुर 21 जून ।** शिक्षण सत्र 2025-26 हेतु प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्कयन परीक्षा 20 अप्रैल 2025 को की गई थी। जिसका चयन सूची विभागीय वेबसाइट www.eklavya.cg.nic.in पर उपलब्ध कराया गया है। उक्त चयन सूची के आधार पर 23 जून 2025 से 27 जून 2025 तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी जिला रायपुर में काउंसलिंग हेतु चयनित विद्यार्थी समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

## 15 दिवस के भीतर आरोपी की प्रशासन करें गिरफ्तारी,अन्यथा कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी

# शहीदों की प्रतिमा के साथ हुई छेड़छाड़ बेहद निंदनीय कांग्रेस पार्टी नहीं करेगी बर्दाश्त: सुशील मौर्य

जगदलपुर, 21 जून। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षददल सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा लालबाग शहीद स्मारक में की गई तोडफ़ोड़ को लेकर उचित कार्यवाही करने हेतु नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया...

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया जगदलपुर शहर के प्रमुख झीरम शहीद स्मारक में कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा गंभीर तोड़फोड़ की गई है शहीदों की प्रतिमाओं के साथ किया गया यह कृत्य बेहद निंदनीय और आपत्तिजनक है कांग्रेस पार्टी इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी..श्री मौर्य ने कहा शहीद स्मारक पर लगी लाइटें, प्लेटें, सीसीटीवी कैमरा, फेसिंग, बैंच शिलालेख, प्रतिमाएं सहित चीजों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है इसके पूर्व भी कांग्रेस पार्टी व मीडिया द्वारा इस गंभीर विषय को लेकर अवगत कराया गया था.. इस प्रकार की घटनाओं से शहीद परिवारो व शहीदों के सम्मान को ठेस पहुंचती है और स्मारक भी नुकसान होता है... मौर्य ने कहा महज बीस मीटर की दूरी पर आईजी कार्यालय है सौ मीटर की दूरी पर शहर कोतवाली थाना है बावजूद इसके ऐसा कृत्य शर्मनाक है जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो रहे है...15 दिवस के भीतर दोषियों की पहचान कर प्रशासन गिरफ्तारी करें,निगम प्रशासन द्वारा शहीद स्मारक की तत्काल सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए,निगम की ओर से पुरानी अवस्था में नुकसान की गुणवत्ता जांच कर उसे पुनः ठीक करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए,अन्यथा कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी..वही निगम आयुक्त ने कुछ दिनों का समय मांगा है टेंडर की प्रकिया पूर्ण होते ही जल्द से जल्द कार्य शुरू करने की बात कही है...नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने बताया नगर निगम की निष्क्रियता के चलते जगदलपुर के झीरम शहीद स्मारक में असामाजिक तत्वों ने अब इसे अड्डा बना लिया है,जहां शहीदों की प्रतिमाओं के साथ तोड़-फोड़ और शराब की बोतलें फोड़ने की घटनाएं हो रही हैं। देखरेख के अभाव से स्मारक की गरिमा को ठेस पहुंच रही है, जिससे कांग्रेस पार्टी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी साथ ही इसका पुरजोर विरोध करती है,बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा जी की प्रतिमा पर शराब की बोतलें फोड़ने की घटना ने स्मारक की गरिमा को तार-तार कर दिया है।यह स्थान शहीदों को श्रद्धांजलि देने का प्रतीक है, किंतु नगर निगम में बनी भाजपा सरकार के अनदेखी के चलते अब यह शराबियों और असामाजिक तत्वों का ठिकाना बन चुका है, नगर निगम प्रशासन को जल्द से जल्द इस पर उचित कार्यवाही करनी चाहिए। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा पहले भी शहीदों की प्रतिमाओं के साथ तोड़-फोड़ हो चुकी है, जिसके बाद कांग्रेस ने आवाज उठाई थी। वही नगर निगम महापौर संजय पांडे ने इसकी कोतवाली थाने में शिकायत भी दर्ज की थी, किंतु दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज पर्यंत तक कोई भी सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई,कांग्रेस शासनकाल में निर्मित इस स्मारक की स्थिति देखरेख के अभाव में दयनीय हो चुकी है। खास बात यह है कि स्मारक से कुछ ही मीटर की दूरी पर सिटी कोतवाली और आईजी कार्यालय कार्यालय स्थित हैं। बावजूद ऐसी घटना विचारणीय है... !कांग्रेस पार्टी की मांग है कि प्रशासन से स्मारक की सुरक्षा और रखरखाव सुनिश्चित करे ताकि शहीदों की स्मृति का सम्मान बना रहे। साथ ही किए गए कृत्य को लेकर दोषियों की पहचान करें और सख्त से सख्त कार्यवाही करे। इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना,पूर्व महापौर जतिन जायसवाल,प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन,उपाध्यक्ष सेमीयल नाथ,ब्लॉक अध्यक्ष राजेश राय, बलराम यादव, मानसिंह बघेल,सुषमा सुता, विक्रम सिंह डांगी,रविशंकर तिवारी, सहदेव नाग,यूंका अध्यक्ष अजय बिसाई, एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष रोजवीन दास,पार्षद सुशीला बघेल, मनप्रीत कौर,जस्टिन भवानी,शुभम् यदु,राकेश मौर, कमलेश पाठक, महेश ठाकुर,आदित्य बिसेन, शादाब अहमद, एस नीला, ज्योति राव, सुनीता दास,पंकज केवट,मनोहर सेठिया, सलीम जाफर अली,उस्मान रजा,आनंद परिहार, मुन्नालाल कश्यप, लोकेश नंदा, खीरेंद्र यादव, समीर कुरैशी, साहिल हियाल आदि मौजूद रहे.....

# मोती गार्डन का हुआ जीर्णोद्धार, बढ़ी सुविधाएं

## भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने फीता काटकर किया लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 21 जून।** नगर का प्रमुख सार्वजनिक स्थल मोती गार्डन, जिसका पिछले कुछ समय से जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर था, अब पूरी तरह से नए स्वरूप में नगरवासियों के लिए समर्पित कर दिया गया है। शुक्रवार को आयोजित एक भव्य समारोह में इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा किया गया।

लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर गार्डन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा, मोती गार्डन अब न केवल शहर की शोभा बढ़ाएगा, बल्कि नागरिकों को स्वास्थ्य, मनोरंजन और सुकून के लिए एक आदर्श स्थान प्रदान करेगा। अश्वनी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, नगर की जनता को एक स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित गार्डन की सुविधा देना हमारा दायित्व है। जीर्णोद्धार के बाद गार्डन अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त होकर नागरिकों को और भी आकर्षित करेगा। पुनर्निर्मित मोती गार्डन में रंगीन फव्वारे, एलईडी लाइटिंग, वॉकिंग ट्रैक, बच्चों के लिए झूले, बुजुर्गों के लिए विश्राम स्थल और ओपन जिम जैसी सुविधाएं शामिल की गई हैं। समारोह में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल कुंजराम कोशले मनीष मिश्रा दीपा दशरथ साहू सतीश तलरेजा पार्षद गण सतीश साहू नंदकिशोर वैष्णव श्रेणिक गोलछा बंटी टंडन उमाशंकर वर्मा मोंटू ध्रुव बब्बू मंधान भाजपा जिलामहामंत्री राकेश तिवारी युवामोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील यदु मंडल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन बांधे अध्यक्ष योगेश अनंत सहित नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी की कार्रवाई

# जिले के 8 आदतन अपराधी हुए जिलाबदर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 जून।** जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में बदमाशों पर लगातार कार्यवाही हो रही हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा एक साथ जिले के 8 आदतन अपराधियों को 1 वर्ष की कालावधि के लिए जिलाबदर कर दिया गया है। सांथ ही पुलिस द्वारा जिले के अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर भी जिलाबदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में भेजा गया है, जो कि अभी प्रक्रिया में हैं।

जिला कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत पारित आदेश के अनुसार यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के अन्दर सीमावर्ती जिला-बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, महासमुंद, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ तथा जिला क्षेत्र से 01 वर्ष की कालावधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित सीमावर्ती जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। जिला बदर आरोपियों को इस आदेश का तुरन्त पालन करने और पालन न करने पर उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं।



### आरोपियों के नाम-

- प्रभु सेन निवासी ग्राम हथबंद थाना हथबंद
- अशोक पटेल निवासी ग्राम हटौद थाना कसडोल
- राजकुमार बंजारे निवासी ग्राम सरखोर थाना लवन
- जीतू यादव निवासी ग्राम पुराना खर्वे थाना कसडोल
- लुकेश्वर उर्फ सरोज वैष्णव निवासी ग्राम छतवन थाना राजादेवरी
- अमित अवधेलिया निवासी ग्राम डोंगरा थाना लवन
- अजय मारकंडे निवासी भगत सिंह वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर
- लोकेश टांडिया निवासी रामसागर पारा कसडोल थाना कसडोल

## एक नजर

### आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन 25 जून तक

**बलौदाबाजार, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार एवं पलारी में प्रशिक्षण सत्र 2025 -26 एवं 2025 -27 के लिए प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट cgiti.admission. nic.in पर 25 जून तक कर सकते हैं। इसके साथ ही प्रवेश से सबंधित अन्य जानकारी के लिए भी उक्त वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

### प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 23 जून से

**बलौदाबाजार, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रयास आवासीय विद्यालय में सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग के लिए तिथि व समय निर्धारित कर दिया गया है। काउंसलिंग प्रयास आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में होगा। अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक हेतु 23 जून 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका हेतु 24 जून 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका हेतु 25 जून 2025 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 26 जून 2025 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक एवं सामान्य वर्ग व अल्प संख्यक वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 27जून 2025 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित है। अपने साथ प्रवेश पत्र, निवास प्रमाण पत्र, 8वीं उत्तीर्ण परम पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र, सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र, 2 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित हैं तो इस आशय का सम्बधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र लाना होगा।

### विधायक साव व कांग्रेसियों ने मरीजों को किया फल वितरण



**भाटापारा, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी का जन्मदिन कांग्रेस भवन में विधायक इन्द्र साव की उपस्थिति में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा सादगी से मनाया गया। इस दौरान सिविल अस्पताल में फल वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि युवाओं की आवाज़, वंचितो की उम्मीद और देशवासियों के हक की लड़ाई को मुखरता से लड़ने वाले जननायक नेता प्रतिपक्ष, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी का जन्मदिन सादगी पूर्ण ढंग से मनाया गया। उन्होंने कहा युवाओं के प्रेरणा श्रोत राहुल गांधी की सोंच, देश के प्रति उनका समर्पण, जनता के प्रति प्रेम और कॉग्रेस पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणाश्रोत है। विधायक इन्द्र साव ने कहा राहुल गांधी आज जिस परिस्थिति में कॉग्रेस का नेतृत्व कर रहे है वह कोई फौलादी जिगर वाला ही कर सकता है जिसके लिए पुरी मीडिया, एक पी एम, दो सौ केंद्रीय और राज्यो के मंत्री, अठारह मुख्यमंत्री, आर एस एस, ईडी, आईडी, सीबी आई सब पीछे पड़े है फिर भी डटे हुए है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की दूरगामी सोच का परिणाम है कि केंद्र सरकार जातिगत जनगणना कराने जा रही है।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# योग से शरीर स्वस्थ व मन मजबूत होता है : योगाचार्य



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मेघा, 21 जून।** प्राचीन भारतीय परम्परा का एक अमूल्य उपहार, योग है जो शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के सबसे भरोसेमंद साधनों में से एक है अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष सदस्य पालक शिक्षक गण एवं ग्रामीण जन तथा योगाचार्य के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें योगाचार्य भुनेश्वर साहू प्रीतम साहू राहुल जैन के माध्यम से योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार साहू ने बताया कि योग हमारे प्राचीन संस्कृति से जुड़ा हुआ है। 15000 वर्ष पहले हिमालय में एक योगी आया जो बस बैठा रहा लोगो की भीड़ हुई वह योगी बैठा ही रहा। महीनों बैठने के बाद लोगों की उपस्थिति हजारों से सात हो गया जिसने उस योगी से जिसे आदियोगी कहा गया उनसे योग की दीक्षा ली और वे सात सप्तऋषि हुवे जो सभी दिशाओं में योग को फैलाया और दक्षिण में एक ऋषि जो अगस्त्य हुए। उन्होंने दक्षिण में हर जगह जाकर योग अध्यात्म की दीक्षा दिए। आज वही योग हमें अपने स्वास्थ्य को ताकतवर व मन को मजबूत बनाए रखते हुवे अपने ऊर्जा को ऊपर उठाने हेतु योग की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह दिवस जो हर वर्ष एक रिकार्ड बन रहा है हम उसके हिस्से बनने वाले है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व जो आज भारत ही नहीं पूरे विश्व को 11 वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ के लिए योग इस भाव से आज योग दिवस मनाया जा रहा है। जिसमें गौरव ग्राम मेघा की 325 लोगों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में सूक्ष्म यौगिक व्यायाम, प्राणायाम, कपालभाति, योगासन, ताड़ासन, वज्रासन, वृक्षासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार व शांति पाठ किया गया। साथ ही सहकारी समिति मेघा के द्वारा अंकुरित चना मूंग की व्यवस्था किए गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य एस के साहू रेडक्रॉस काउंसलर अवध राम साहू लाइब्रेरियन विद्या साहू अमित कुमार कंवर कीर्ति लता साहू, दिलीप कुमार साहू भावना चावड़ा किरण साहू जयंत कुमार साहू प्रीतम लाल साहू टूकेश्वरी साहू छबीला साहू, देवनारायण निषाद, युवराज साहू, मूलचंद साहू, गणेश राम साहू तथा गौरव ग्राम मेघा के पालक अतिथिगण शाला विकास समिति सदस्य ताराचंद सोनी, पुरुषोत्तम पटेल, डुमेश्वर निषाद, प्रफुल्ल, शुभम, देवनाथ साहु, संतोष सोनी, डेमू साहू, महेश निषाद, दिनेश पटेल एवं समस्त छात्र-छात्राओं नवीन सूरज तुषार तुलेश्वर निखिल अंकित साहू समस्त छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम में भरपूर सहयोग रहा। शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।



**सिमगा, 21 जून।** गवर्नमेंट आदर्श प्राथमिक शाला सिमगा में शिक्षक व छात्र-छात्राओं व नागरिकों ने योग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

# तिल्दा-नेवरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 21 जून।** बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस विद्यालय में 149 छात्र-छात्राएं एवं 15 शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा 6 जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए, अनिल अग्रवाल भाजपा महामंत्री रायपुर जिला ग्रामीण, तथा शाला विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, डॉक्टर लक्ष्मण साहू, आनंद शर्मा सैमसंग सैमुअल उपस्थित रहे। योग कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ राजेश कुमार चंदानी के निर्देशानुसार वरिष्ठ व्याख्याता जितेंद्र कुमार जेहोआश एवं यश कुमार यादव ने किया।

अनिल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ, निरोगी जीवन पर बल दिया, योग कार्यक्रम केवल योग दिवस पर तो हो लेकिन विद्यालय में सप्ताह में एक दिन यह कार्यक्रम अवश्य आयोजित होना चाहिए।

शाला विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने योग को एक साधना बताते हुए कहा कि इससे छात्र-छात्राएं अपने स्मरण शक्ति बढाकर लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं, संस्था के प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार चंदानी ने जनप्रतिनिधियों का .आभार प्रदर्शन किया .तथा कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार वितरण कर किया गया।

### उपभोक्ता आयोग ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन की दिलाई बीमा क्षतिपूर्ति राशि




**बलौदाबाजार, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीमा कंपनी द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहन की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि नहीं देने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने बीमा कंपनी को सेवा का दोषी मानते हुए वाहन की बीमा क्षतिपूर्ति राशि 90767 रुपये ब्याज समेत भुगतान करने आदेश पारित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक प्रहलाद प्रसाद जायसवाल की सेंट्रो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। बीमा कंपनी द्वारा आवेदक से प्रीमियम राशि 6370 रुपये प्राप्त कर बीमा किया था। क्षतिपूर्ति हेतु दावा प्रस्तुत करने पर बीमा कम्पनी ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन के विरुद्ध कोई बीमा राशि प्रदान नहीं करते हुए दावा निरस्त कर दिया। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत करने पर आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, सदस्य हरजीत सिंह चावला एवं शारदा सोनी ने दास्तावेजों का सूक्ष्मता से परीक्षण उपरांत बीमा कम्पनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए

चोला मण्डलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड़ को बीमा क्षतिपूर्ति की राशि 90767 रुपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने एवं 45 दिन के भीतर अदा नहीं किये जाने पर आदेश दिनांक से अदायगी दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज दिये जाने का निर्णय सुनाया।

# रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव पास में पड़ा था 5 महीने का मासूम

**जांजगीर-चांपा, 21 जून।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से एक बड़ी और दिल को झकझोर कर रख देने वाला मामला सामने आया हैं। यहां रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव मिला है और उस शव के पास से एक पांच महीने का बचा जीवित अवस्था में मिला है। महिला की लाश मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इतना ही नहीं पुलिस की टीम ने बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है।

मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला अकलतरा के कोटमीसोनार गांव है। यहां गांव से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव मिला। इस दौरान सबसे हैरान करने वाली बात ये थी कि, महिला एके शव के पास एक पांच महीने का बच्चा भी था जो जिंदा था। महिला का शव देखने के बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

लाश मिलने की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इतना ही नहीं पुलिस की टीम ने बच्चे को अकलतरा ष्ट॥ष्ट भेजा है। फ़िलहाल पुलिस जांच में जुट गई है कि, महिला कौन है और उसने आत्महत्या क्यों की है।

# स्टॉप डायरिया कैम्पेन : गांव- गांव में चलाया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 जून।** डायरिया से बचाव तथा रोकथाम हेतु जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन चलाया जा रहा है।कैम्पेन में ग्राम स्तर पर रैली, पोस्टर तथा परिचर्चा के माध्यम से लोगों में जनजागरूकता लाने गांव -गांव में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने मौसमी बीमारी से निपटने स्वास्थ्य विभाग के साथ -साथ शिक्षा, पंचायत, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी को समन्वय बना कर कार्य हेतु निर्देशित किया है।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि डायरिया में व्यक्ति को लगातार दस्त आते हैं जो यदि ठीक न हो तो निर्जलीकरण का कारण बन सकते हैं जिससे जान का खतरा हो सकता है।

डायरिया से बचाव हेतु जागरूकता सम्बन्धी नारे लेखन, मितानिन दवा पेटी में ओआरएस, जिंक टेबलेट दिया गया है। इसके साथ ही लोगों को स्वच्छ पेयजल, दूषित भोजन से बचने और आस-पास साफ-सफाई रखने को भी प्रेरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस कॉर्नर भी बनाये जा रहे हैं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क./ 202503142400013/ अ-2/2024-25

साकिनः चारामा, प.ह.न. 06

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमति निहारिका पति इलाबुद्दिन, जाति मुसलमान, निवासी ग्राम चारामा, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम चारामा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 253/4 रकबा 0.02 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 23/06/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 09/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202503142400015/ अ-2/2023-24

साकिनः चारामा, प.ह.न. 06

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ऋषि कुमार जैन पिता जीवनलाल जैन, जाति कलार, निवासी वार्ड क्र. 13 चारामा, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम चारामा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 460/30 रकबा 0.04 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 23/06/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 09/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर

## जेबी स्कूल के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने दिया योग का संदेश

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रेम, शांति और एकता का प्रतीक: प्राचार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 21 जून।** योग एक शारीरिक एवं आत्मिक क्रिया है, जिसका किसी धर्म अथवा किसी पंथ से कोई संबंध नहीं है। स्कूलों में छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया।

अत्यधिक व्यस्तता भरे जीवन में न केवल वयस्क वरन बच्चे भी अवसाद या अन्य बीमारियों से ग्रस्त होने लगे हैं। जिसके निदान के लिए आवश्यक है की बच्चों में छोटी उम्र से ही योग की आदत डाली जाए। योग से स्वास्थ्य लाभ के साथ ही विद्यार्थियों को अच्छा इंसान बनने की भी सिख मिलेगी। उन्हें प्रतिदिन ध्यान भी करना चाहिए जिस से उनकी बुद्धि तेज तथा चित्त शांत हो। इस से आत्म विश्वास बढ़ता है और बच्चों को अपनी उर्जा का सकारात्मक कार्यों में प्रयोग करने की शिक्षा मिलती है। योग शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता में भी वृद्धी करता है। शरीर में होने वाली बीमारी जैसे खांसी, जुकाम, मधुमेह, रक्तचाप आदि रोगों से मुक्ति दिलाता है तथा पाचन तंत्र को भी मजबूत करता है। भारत ने विश्व को प्रत्येक क्षेत्र में अनेक धरोहर दिए है। योग भी इनमें से एक अनमोल देन है। योग एक ऐसी अमूल्य साधना है जो मनुष्य के शरीर, मन और मस्तिष्क को शुद्ध करता है, इनमें सामंजस्य स्थापित करने की प्रेरणा और उत्साह प्रदान करता है। संतुलित खान पान तथा नियमित योगाभ्यास एवं साधना द्वारा मनुष्य जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न कर सकता है। आवश्यकता है तो इसके नियमित अभ्यास तथा अनुशासन पूर्ण आचरण की। विद्यार्थियों से नियमित योग करने की प्रतिज्ञा के साथ ही उन्हें माता पिता एवं शिक्षकों की आज्ञा का सदैव पालन करने की समझाइश दी गई। जे. बी. स्कूल में प्रत्येक सत्र में योग शिक्षा एवं व्यायाम द्वारा विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक विकास को अत्यधिक महत्व दिया जाता है।

योग दिवस प्रेम, शांति और एकता का प्रतीक है। योग से शांति मिलती है। योग ने देश की सीमाओं को पार किया है। यदि मस्तिष्क शरीर का मंदिर है तो योग एक सुंदर मंदिर का निर्माण करता है। इस बात के कई प्रमाण हैं कि योग तनाव और जटिल बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। जे.बी.स्कूल में प्रत्येक सत्र में योग शिक्षा एवं व्यायाम द्वारा विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक विकास को अत्यधिक महत्व दिया जाता है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव जिला-कोंडागांव (छ.ग.)**

ई-कोर्ट क्रमांक/2025.06200900010 अ-2/2024-25

ग्राम-दुधगांव, प.ह.न.-16

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नरसिंह देव मण्डावी पिता कुंवरसिंह मण्डावी, जाति गोंड, निवासी कारसिंग, तहसील कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव के नाम पर ग्राम दुधगांव, तहसील कोण्डागांव में स्थित भूमि खसरा नंबर 32/34 रकबा 0.1220 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि में से 0.069 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री बैनामा की छांयाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 30/06/ 2025 तक मेरे न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव

**कार्यालय प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था विश्रामपुरी जिला- कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)**

Email: iti_vishrampuri@yahoo.in

**विज्ञापन का प्रारूप**

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था विश्रामपुरी एवं धनोरा जिला कोण्डागांव (छ.ग.) में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 16 जून 2025 से 25 जून 2025 तक विभागीय वेबसाईट (cgiti.admissions.nic.in) के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था विश्रामपुरी में व्यवसाय विद्युतकार, फिटर, मैकेनिक डीजल, वेल्डर एवं कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था धनोरा में व्यवसाय स्टेनो (हिन्दी) में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है। प्रत्येक संस्थान में उपलब्ध सीटों की जानकारी विभागीय वेबसाईट में प्रदर्शित की गई है। अधिक जानकारी के लिए 76940-90017, 72470-072500 या शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में संपर्क किया जा सकता है।

प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था विश्रामपुरी
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

जी-252601679/3

## एक नजर

### आठ आदतन अपराधी किये गये जिलाबदर

**रायपुर, 21 जून।** पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिले के 08 आदतन अपराधियों को जिलाबदर किया गया है। जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में बदमाशों पर लगातार कार्यवाही हो रही हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा एक साथ जिले के 08 आदतन अपराधियों को 01 वर्ष की कालावधि के लिए जिलाबदर कर दिया गया है। सांथ ही पुलिस द्वारा जिले के अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर भी जिलाबदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में भेजा गया है, जो कि अभी प्रक्रिया में हैं।

### शराब दुकान में अवैध निर्माण तोड़े गए

**रायपुर, 21 जून।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 1 की टीम द्वारा जोन कमिश्नर डॉक्टर दिव्या चंद्रवंशी के नेतृत्व और कार्यपालन अभियंता डी. के. पैकरा और सहायक अभियंता शरद देशमुख, उप अभियंता सागर ठाकुर सहित अन्य सम्बंधित जोन 1 अधिकारियों की स्थल पर उपस्थिति में नगर निगम जोन 1 क्षेत्र अंतर्गत रिंग रोड में शराब दुकान और अन्य अवैध निर्माणों को अभियान चलाकर तोड़ने की कार्यवाही की गयी है. जोन 1 के अधिकारियों ने बताया कि सड़क पर अत्यधिक यातायात जाम होने और अत्यधिक मात्रा में प्लास्टिक कचरा फैलाने की जनशिकायत स्थल निरीक्षण के दौरान सही पाए जाने पर नगर निगम जोन 1 की टीम द्वारा स्थल पर पहुंचकर चखना सेंटर को तोड़ने की कार्यवाही की गयी है।

### विशाल मेगा मार्ट द्वारा सड़क पर वाहन पार्किंग करने पर 5000 रूपये ई चालान

**रायपुर, 21 जून।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 7 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे, उप अभियंता नगर निवेश सुरुचिका मिश्रा की उपस्थिति में जनशिकायत स्थल पर सही पाए जाने पर जोन 7 क्षेत्र अंतर्गत शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड क्षेत्र के तहत जीई मार्ग के किनारे गुरू घासीदास प्लाजा क्षेत्र में विशाल मेगा मार्ट के संचालक पर सड़क पर वाहन पार्किंग करने से हो रही जनअसुविधा पर तत्काल स्थल पर भविष्य के लिए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए 5000 रूपये का ई चालान काटा गया और विशाल मेगा मार्ट के संचालक को व्यवस्थित वाहन पार्किंग करवाने एवं तत्काल सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था करने के स्थल पर जोन नगर निवेश अधिकारियों ने कड़े निर्देश दिए और प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निराकरण कर नागरिकों और वाहन चालकों को सुगम यातायात उपलब्ध करवाते हुए तत्काल राहत दिलवाई.

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवसः राज्यपाल डेका से लेकर डिप्टी सीएम, मंत्री, विधायक, सांसद ने किया योगाभ्यास

## तमाम जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों-कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं के साथ किया योगाभ्यास

**रायपुर, 21 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे प्रदेश में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने जहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मण्डपम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए. वहीं उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित तमाम साय मंत्रिमंडल के तमाम सदस्यों, सांसद, विधायक और तमाम जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों-कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं के साथ योगाभ्यास किया. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मण्डपम में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम के तहत आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल होने पहुँचे. स्कूली छात्र-छात्राएँ, विभिन्न संगठनों के कर्मचारी, दिव्यांगजन और ट्रांसगेंडर समुदाय के लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया.कृषि मण्डपम में आयोजित योग कार्यक्रम में विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, कुलपति डॉ गिरीश चंदेल, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, एसएसपी लाल उमेंद सिंह, निगम कमिश्नर विश्वदीप मौजूद रहे. सभी जनप्रतिनिधियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया.

### उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कवर्धा में किया योग



योग दिवस के अवसर पर कवर्धा पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा स्कूटी से पहुंचे. कार्यक्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा, एसपी धर्मेंद्र सिंह छवाई सहित जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ आमजन ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया.

### उप मुख्यमंत्री साव ने बताया योग का महत्व



योग दिवस के अवसर पर मुंगेली में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुन्नूलाल मोहले सहित जिले के अधिकारी -कर्मचारी और स्कूली बच्चों ने योग किया. इस दौरान उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि योग को हम सभी को नियमित रूप से करना चाहिए. योग हमे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत करता है. हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है.

### ओपी चौधरी के साथ महापौर ने किया योगाभ्यास



योग दिवस के अवसर पर रायगढ़ के बोईरदादर स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, निगम महापौर जीवर्धन चौहान सहित अन्य नेताओं और आम लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए.

### जायसवाल ने दिया स्वस्थ जीवन, श्रेष्ठ जीवन



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पंचायत झगराखांड़ स्थित मांगलिक भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में बारिश के बावजूद आमजन में योग के प्रति उत्साह और समर्पण देखने को मिला. आयोजन स्थल पर सैकड़ों की संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने सामूहिक योग कर ÷स्वस्थ जीवन, श्रेष्ठ जीवन÷ का संदेश दिया. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह, डीएफओ मनीष कश्यप, एसडीएम लिंगराज सिदार, संयुक्त कलेक्टर सीएस पैकरा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी योगाभ्यास में सम्मिलित हुए. कार्यक्रम में जिलेभर के अधिकारियों के साथ आमजन की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली.

### कृषि मंत्री नेताम ने किया तितली आसन



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कृषि मंत्री राम विचार नेताम के साथ कलेक्टर, डीएफओ, जिला पंचायत सीईओ सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए.

### सांसद देवेंद्र प्रताप ने योगाभ्यास



योग दिवस पर सक्ती के सामुदायिक भवन में आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह के साथ कलेक्टर, एडीएम सहित जिले भर के अधिकारियों के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया. योगाभ्यास के बाद एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया.

### सांसद नाग ने कांकेर में किया योगाभ्यास



कांकेर जिला मुख्यालय स्थित शासकीय नरहरदेव स्कूल में अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया. योग संगम एवं हरित योग थीम पर हो रहे इस आयोजन में कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग के साथ सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया.

### किरण देव ने लिया स्वस्थ जीवन का संकल्प



विश्व योग दिवस के अवसर पर जगदलपुर के इंदिरा स्टेडियम में आयोजित योग साधना कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के साथ बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शहरवासी और स्कूली छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास कर योग कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया. प्रदेश अध्यक्ष सिंहदेव ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ वासियों के साथ बस्तरवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है.

## समाचार संक्षेप

### आईसीएआर-एनआईबीएसएम ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**रायपुर, 21 जून।** आईसीएआर-राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान (आईसीएआर-एनआईबीएसएम), रायपुर में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. पी.के. राय, वैज्ञानिकगण, कर्मचारी एवं छात्रगण उपस्थित रहे और सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में विभिन्न योगासन, प्राणायाम और योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर विशेष ध्यान दिया गया। डॉ. पी.के. राय ने अपने उद्बोधन में योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर ज़ोर देते हुए स्वस्थ शरीर और संतुलित मन के लिए योग के महत्व को रेखांकित किया। इस वर्ष के वैश्विक विषय आत्मा और समाज के लिए योग के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसने सभी को स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और योग को जीवन शैली के रूप में अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।

### सहायक संचालक उद्योग भर्ती के लिए परीक्षा 12 जुलाई को


**रायपुर, 21 जून।** सहायक संचालक उद्योग भर्ती परीक्षा के लिए 12 जुलाई को लिखित परीक्षा होगी। पहले यह परीक्षा 6 जुलाई को होने वाली थी। राष्ट्रीय अवकाश की वजह से परीक्षा की तिथि में परिवर्तन किया गया है। व्यापम द्वारा आयोजित उक्त परीक्षा में कुल 30 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए व्यापंम ने अप्रैल में आवेदन मंगाए थे। उक्त पदों के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने आवेदन किये हैं। व्यापंम ने रायपुर बिलासपुर अंबिकापुर जगदलपुर और दुर्ग भिलाई में उक्त परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाए हैं। परीक्षा में प्रश्न पत्र 300 अंकों का होगा। जिनमें 150 वस्तुनिष्ट प्रश्न पूछे जाएंगे।

### रेल यात्रियों के लिए तत्काल बुकिंग के नियमों में परिवर्तन करेगा रेलवे एक जुलाई से

**रायपुर, 21 जून।** भारतीय रेल अपने सभी रेलवे जोनों में तत्काल टिकट के नियमों में एक जुलाई से परिवर्तन करने जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अब तत्काल बुकिंग के लिए यात्री को आईआरसीटीसी में अपने एकाउंट का आधार लिंक करना होगा। ओटीपी वेरीफिकेशन किये जाने के बाद ही तत्काल बुकिंग का लाभ रेल यात्री को मिलेगा। बिना आधार और ओटीपी के बिना अब रेल यात्री तत्काल बुकिंग की सुविधा का लाभ एक जुलाई के बाद नहीं ले सकेंगे। रेलवे पर यात्रियों का यह आरोप है कि रेलवे एजेंट्स बल्क की संख्या में तत्काल टिकट पहले से आरक्षित करा लेते जिसकी वजह से मूल यात्रियों को उक्त सुविधा का लाभ न हीं मिल पाता।

### नागरिकों को सिखाया कि चार रंगों में 'हर दिन चुने सही डस्टबिन

**रायपुर, 21 जून।** रायपुर नगर पालिकनिगम द्वारा महापौर श्रीमती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर आयोजित 'हर दिन चुने सही बिन अभियान के आज दूसरे दिन जोन-1 के ठक्कर बापा वार्ड-17 में दीक्षा नगर क्षेत्र में जनजागरुकता गतिविधि आयोजित की गई। घर-घर जाकर नागरिकों को जागरुक किया गया कि वे घरेलू कचरा अलग-अलग कर ही कचरा एकत्रित करने वाली गाड़ी को दें। उन्हें गीले कचरे के लिए हरा डस्टबिन, सूखे कचरे के लिए नीला, सेनेटरी अपशिष्ट के लिए लाल और घरेलू खतरनाक कचरे के लिए काला डस्टबिन उपयोग करने के बारे में जानकारी दी गई। ऐसा ना करने पर किए जाने वाले जुर्माने के बारे में भी उन्हें समझाया गया।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26